अङ्गविद्या

[मानवशरीराङ्गाणां ज्यौतिषशास्त्रदृष्ट्या समीक्षणम्]

सम्पादको व्याख्याकारश्च

डॉ० इन्दुनाथशर्मा, विद्यावारिधिः

(सं० सं० विश्वविद्यालये ज्यौतिषविभागे उपाचार्यः)

१९९४

संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेता

अंगविद्या

[शरीराङ्गाणां ज्यौतिषशास्त्रदृष्ट्या विस्तृतं विवरणम्]

सम्पादको व्याख्याकारश्च

डॉ० इन्दुनाथशर्मा, ज्यौतिषाचार्यः

सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालये
ज्यौतिषविभागे उपाचार्यः

सम्पादन-सहयोग

श्रीमती शशिकला शर्मा

एम्० ए०, बी० एड०

श शी न्दु कु टी रः

वाराणसी

२०५१ वैक्रमाब्दः] [१९९४ खिष्टाब्दः

प्रकाशक :
© शशीन्दु कुटीर,
J. 11/44 ए, नई बस्ती,
ईश्वरगंगी, वाराणसी-२

Published by :
© SHASHINDU KUTIR
J. 11/44 A, Nai Basti
Ishwargangi Varanasi-2

पुस्तकप्राप्तिस्थान
सुधी प्रकाशन
पो० बा० १०४६, वाराणसी-२२१ ००१

शशीन्दु कुटीर
जे०11/44.ए, नईबस्ती ईश्वरगंगी
वाराणसी

प्रथम संस्करण
सन् १९९४ ई०

First Edition
1994 E.

पुनः प्रकाशनादि अधिकार व्याख्याकार के अधीन

मूल्य : ७५) रु०
(पचहत्तर रुपया)

Price Rs. 75/-
(Rupees Seventy Five)

मुद्रक :
साधना प्रेस
जगतगंज,
वाराणसी-२

Printed at
SADHANA PRESS
Jagatganj
VARANASI-2

प्रास्ताविकम्

"ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च" इति श्रुति-वाक्यात्, कानि तानि षडङ्गानि ? इति जिज्ञासायाम्—

शब्दशास्त्रं मुखं ज्यौतिषं चक्षुषी श्रोत्रमुक्तं निरुक्तं च कल्पः करौ ।
या तु शिक्षाऽस्य वेदस्य सा नासिका पादपद्मद्वयं छन्द आद्यैर्बुधैः ॥

इति ज्योतिःशास्त्रं वेदस्य प्रत्यक्षं प्रधानमङ्गमिति महर्षिभिः प्रतिपादितम् । अस्य प्राधान्यमपि प्रत्यक्षसिद्धम् । तदुक्तम्—

"अप्रत्यक्षाणि हि शास्त्राणि विवादस्तेषु केवलम् ।
प्रत्यक्षं ज्यौतिषं शास्त्रं चन्द्रार्कौ यत्र साक्षिणौ ॥ इति ।

एवं भूतभविष्यद्वर्तमानानां प्रत्यक्षकरत्वात् चक्षुर्भूतमिदं ज्यौतिषं शास्त्रमित्यस्य षट्स्वङ्गेषु प्राधान्यं स्वतः सिद्धम् ।

अस्य ज्योतिःशास्त्रस्य सिद्धान्त-संहिता-होरारूपेण स्कन्धत्रयं विद्यते । तत्र होरास्कन्धे फलितज्यौतिषम् । तस्य चैकदेशभूतं सामुद्रिकशास्त्रम् । तदेव हस्तरेखाविज्ञानम्, अङ्गविद्या वा कथ्यते ।

हस्तरेखाविज्ञानं भारतीयानामनुपमं विज्ञानमासीत् । सर्वप्रथममस्य प्रकाशनं भारतीयैरेव सर्वस्मिन् जगति विहितम् ।

आधुनिका यथा तथा वा भणन्तु, परं तत्त्वमिदं यद् यदा समस्तं विश्वं ध्वान्तच्छन्नमासीत् तत्तदैवाध्यात्मिक-आधिभौतिक-आधिदैविकज्ञानानां प्रकाशैः भारतीयैरेव महर्षिभिः प्रकाशितम् ।

तस्यैव हस्तरेखाविज्ञानस्यावयवभूतोऽयं ग्रन्थः संक्षिप्तोऽपि सर्वाङ्गपूर्णः स्त्री-पुंसयोरङ्गानुशीलने महत्त्वशाली वर्तते ।

यस्य पुरुषस्य प्रबला राजयोगाः सन्ति तस्य पादे हस्ते वा राजयोगसूचिका रेखा भवन्ति । तत्र पुण्यविधानरेखा, ऊर्ध्वरेखा, यवरेखा, आयूरेखा, सन्तानरेखा, सौहार्दरेखा--इत्यादीनां निरूपणम्, तासां फलं चात्र ग्रन्थे सम्यग्निरूपितमस्ति ।

एवं करतले पादे वा स्थितस्य तिलस्य, आजानुबाहुपुरुषस्य, नासिकावक्षःस्थलनाभ्याद्यङ्गानां फलमत्र ग्रन्थे विस्तरशो निरूपितम् । इमा रेखा राजकुलोद्भवानां सामान्यजनानां च कृते पृथक्-पृथक् फलं प्रकाशयन्ति ।

इत्थमत्र न केवलं हस्तपादयो रेखाणामपि त्वन्येषां पुरुषाङ्गाणां स्त्रीणां चाङ्गानां वर्णनं विस्तरेण कृतं विद्यते ।

सामुद्रिकशास्त्रदृष्ट्या रचितोऽयं ग्रन्थः आचार्यसमुद्रस्योक्तिरित्यपि प्रमाणयति ग्रन्थकारः—"तथा च समुद्रः" इति कृत्वा यत्र तत्र ।

ग्रन्थस्य कलेवरम्—ग्रन्थेऽस्मिन् भागचतुष्टयं वर्तते। प्रथमे भागे २३० श्लोकाः सन्ति, द्वितीयस्मिंश्च १५१ श्लोकाः। अत्रैतानि पुंस्त्रीलक्षणानि स्कन्देनागस्त्यं प्रति उक्तानि। एतानि सर्वाणि लक्षणानि स्कन्दपुराणान्तर्गतकाशीखण्डे निरूपितानि, तान्येवात्रोद्धृतानीति ध्येयम्। तृतीयस्मिन् भागे गणेशविवाहप्रस्तावे शिवपुराणोक्तानि कन्यालक्षणानि पञ्चदशभिः पद्यैः निरूपितानि। इतोऽग्रे चतुर्थो भागः मुहूर्ततत्त्व ग्रन्थतोऽस्माभिः संयोजितः।

ग्रन्थस्योपजीव्यम्—ग्रन्थस्यास्य प्रथमभागः सामुद्रिकशास्त्रतो गृहीतः, अत एव ग्रन्थे यत्र तत्र "तथा च समुद्रः कथयति" इत्यादिनास्योक्तयः प्रमाणिता ग्रन्थकारेण।

द्वितीयस्य च भागस्य स्कन्दपुराणं (काशीखण्डात्मकं) मूलम्। तृतीयस्य भागस्य शिवपुराणं मूलम्, यत्र हि गणेशविवाहप्रस्तावे (एकोनचत्वारिंशदध्याये) कन्यालक्षणान्युक्तानि। ग्रन्थस्य चतुर्थे भागे आचार्यकेशवदैवज्ञविरचितमुहूर्ततत्त्वतः स्त्रीपुंसयोर्लक्षणप्रकरणं गृहीतम्।

परिशिष्टे त्वंशे, पल्लीपतन-सरटारोहण-अङ्गस्फुरणफलानि निर्देशितानि।

ग्रन्थकर्तुः परिचयः—ग्रन्थोऽयं वस्तुतो न काचित् स्वतन्त्रा कृतिः, अपितु चतुर्विंशाध्यायात्मकस्य जातकखण्डस्यांशरूपेण वर्तते। जातकखण्डोऽयं महाराजाधिराजश्रीरणवीरसिंहस्याज्ञया सुमतिना श्रीमहेशाभिधेन दैवज्ञेन विरचितः—इति ग्रन्थान्ते उल्लिखितया पुष्पिकया प्रतीयते।

ग्रन्थस्य रचनाकालः—ग्रन्थोऽयमेकोनत्रिंशदुत्तरैकोनविंशतिशततमे (१९२९) वैक्रमाब्दे पौषमासे शुक्लपक्षे पञ्चम्यां तिथौ शुक्रवासरे सम्पन्नः—इति तत्र जातकखण्डग्रन्थान्ते लिखितया पुष्पिकयाऽवसीयते।

टीकयोर्माहात्म्यम्—ग्रन्थोऽयं तत्र तत्रातीव काठिन्यं बिभर्ति, तेन अङ्गफलानुशीलने वर्णिताः श्लोकाः, सामुद्रिकशास्त्रस्य पारिभाषिकाः शब्दाश्च सर्वजनसंवेद्या न भवन्ति। रेखाणां निर्धारणमपि गहनं वर्तते। अतोऽस्य सरलस्यापि दुरूहस्य सरलाटीकाऽपेक्षिताऽऽसीत्। अतो मया 'इन्दु' नाम्ना संस्कृतव्याख्या, 'शशि' नाम्ना च हिन्दीटीका विहिता।

नामकरणे विशेषः—ममाभिधानम् इन्दुनाथशर्मेति, मम धर्मपत्न्याश्च शशिकलेति। अतो मया 'नामग्रहणे नामैकदेशग्रहणम्' इत्यभियुक्तोक्त्या संस्कृतटीकायाः 'इन्दु' इति स्वनाम्ना, हिन्दीटीकायाश्च 'शशि' इति अभिधया निर्देशः कृतः।

एवं साङ्गोपाङ्गमलंकृतो ऽयं ग्रन्थो जिज्ञासूनां श्रेयसे भूयादित्याशासे

विदुषां वशंवदः
इन्दुनाथशर्मा

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के प्राक्तन कुलपति

एवं

उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी के पूर्व अध्यक्ष

पण्डितश्री करुणापतित्रिपाठी

की

शुभकामना

श्रीशौ वन्दे

श्री इन्दुनाथशर्मा, सं० सं० वि०, वाराणसी में ज्यौतिषशास्त्रविभाग में उपाचार्य और कुशल अध्यापक होने के साथ-साथ फलित ज्यौतिष में बड़े निपुण हैं और सफल लेखक भी हैं।

इनका 'अङ्गविद्या' नामक सामुद्रिक शास्त्र ग्रन्थ बहुत महत्त्व-पूर्ण है। आज विदेशों में भी हस्तरेखा और अङ्गविद्या पर विशाल वाङ्मय उपलब्ध है। भारतीय स्मृतियों और अनेक पुराणों में भी इसपर लिखा गया है।

श्री शर्मा का यह ग्रन्थ सुसंपादित, सुव्याख्यात एवं सुकथित है। आशा है, अपने क्षेत्र में इस ग्रन्थ का महत्त्वपूर्ण स्थान होगा। श्री इन्दुनाथ शर्मा को मेरा आशीर्वाद है कि वे इस दिशा में निरन्तर कार्य करते रहें।

शुभेच्छु—

१८।३।९४ करुणापति त्रिपाठी

औरंगाबाद, वाराणसी.

काशी हिन्दू विश्वविद्यालयस्य
संस्कृतविद्याधर्मविज्ञानसंकाये ज्यौतिषविभागाध्यक्षाणां

प्रो० रामचन्द्रपाण्डेयमहोदयानां

शुभाशंसा

समुद्रऋषिभिः प्रवर्तितत्वात् सामुद्रिकशास्त्रनाम्ना सुप्रसिद्धेयमङ्गविद्या संहितास्कन्धस्याभिन्नाङ्गत्वेन ज्यौतिषशास्त्रे सुप्रतिष्ठिता। रामायणे, महाभारते, पुराणेषु च स्थाने स्थाने समुल्लिखिता इयमङ्गविद्या नूनं हि शास्त्रस्यास्य लोकप्रियत्वं प्रतिपादयति। महर्षिणा वाल्मीकिना अस्य वैयर्थ्यं प्रतिपादयता व्याजेनैवास्य स्तुतिः कृता। पैशाचीमायया वृत्ते संगरे मृतं राममवलोक्य विलपन्ती सीता स्वकीयान्यङ्गलक्षणानि निनिन्द। परं तत्र माया एवासत्या आसीत्, न चाङ्गविद्या। अनेनास्या विद्याया लोकप्रियत्वं सिध्यति। अद्यापि जनाः स्वहस्तरेखाभिः स्वीयं सर्वं शुभाशुभं ज्ञातुमिच्छन्ति। अतोऽस्य शास्त्रस्य महत्त्वमुपयोगित्वञ्चानुदिनं वृद्धिं गच्छति।

प्रस्तुताया अङ्गविद्यायाः सम्पादनम्, अस्या संस्कृतव्याख्या हिन्दीभाषानुवादश्च सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्याचार्यपदमलंकुर्वद्भिः डा० इन्दुनाथशर्ममहोदयैरति श्रमेण कृतः। नूनं हि कार्यमिदं प्रशंसास्पदम्। ग्रन्थेऽस्मिन् राजयोगाश्रितान्यङ्गलक्षणानि पृथगेव प्रतिपादितानि सन्ति, अनन्तरं स्त्रीणाम्, कन्यकानां पुरुषाणाञ्चापि लक्षणानि विवेचितानि सन्ति।

आशासे यदनेन ग्रन्थेन ज्यौतिषानुरागिणां जिज्ञासूनाञ्चोपकारोऽवश्यं भविता।

रामचन्द्रपाण्डेयः

प्रथम नवरात्र, २०५१
मानसनगर कालोनी,
वाराणसी-२२१ ००५

सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयीयज्यौतिषविभागस्य

वेद-वेदाङ्गसंकायस्य, च प्राक्तनाध्यक्षाणां

विद्यावारिधिश्रीकृष्णचन्द्रद्विवेदिनां

सस्तुतिः

१—"अंग-विद्या" नामक ग्रन्थ का आद्योपान्त सुरुचिपूर्वक अवलोकन एवं मनन किया।

२—ज्योतिषशास्त्र एक वृहद् वैज्ञानिकशास्त्र है, जिसकी सहस्रों शाखा-प्रशाखायें हैं। कालक्रम से कुछ शाखायें लुप्त हो गयी हैं। उन्हीं में से सामुद्रिक शास्त्र भी हैं, जिसका शास्त्रीय ढङ्ग से अध्ययनाध्यापन का कार्य प्रायः लुप्त सा ही है! वैसे वर्तमान में अंग्रेजी भाषा के माध्यम से भी सामुद्रिकशास्त्र के अध्ययन का कार्य प्रारम्भ है, किन्तु उसमें कोई प्रामाणिकता नहीं है। केवल भिन्न-भिन्न बड़े लोगों की हस्त-रेखाओं के संग्रह द्वारा अनुमानित ढङ्ग से फलादेश करने का प्रयास किया गया है, वह भी भारतीय लोगों से १८ वीं-१९ वीं शताब्दी में आंशिक ज्ञान मात्र प्राप्त कर!

३—डॉ० इन्दुनाथ शर्मा, उपाचार्य, ज्यौतिषविभाग (सं० सं० वि० वि०) ने इस अङ्गविद्या नामक प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ का सम्पादन कर, इस रिक्तता की पूर्त्ति की है। हिन्दी-संस्कृत टीका के कारण विषय सहज और सुबोध हो गया है। अतः इस ग्रन्थ के कारण ज्यौतिष के जिज्ञासुवर्ग—पण्डितवर्ग-छात्र एवं अध्यापक वर्ग सभी लाभान्वित होंगे।

हमें पूर्ण विश्वास है कि साधारण जनता के लिये इस ग्रन्थ का अध्ययनाध्यापन सर्वोत्तम होगा; क्योंकि मानव के सभी अङ्गों द्वारा फलादेश की प्रक्रिया भी इस ग्रन्थ में है।

कैलगढ़ कालोनी,
विवेकानन्दनगर, वाराणसी

श्रीकृष्णचन्द्रद्विवेदी

सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालये व्याकरणविभागस्य आचार्याणां
वेदवेदाङ्गसंकायस्याध्यक्षाणां च
डॉ० श्रीपतिरामत्रिपाठिनां

अंगविद्याप्रशस्तिः

पण्डितप्रवरपरम्पराप्राप्तज्यौतिषविद्यकेन महामहोपाध्याय पण्डित श्री अयोध्यानाथशर्मवंशावतंसेन सं० सं० वि० विद्यालयस्य ज्यौ० शा० उपाचार्य्येण पं० श्री इन्दुनाथशर्मणा विरचिता ज्यौतिषशास्त्रीया फलितसामुद्रिकशास्त्रीया च 'अङ्गविद्या' संस्कृत हिन्दी टीकाद्वयोपेतोपज्ञीभूता सम्पूर्णा सम्यगवलोकिता समालोडिता चास्माभिः। ग्रन्थेऽस्मिन् मानवीयाङ्गप्रत्यङ्गानां चिह्नविशेषाणां रेखादीनाञ्च सामुद्रिकशास्त्रदिशा फलितज्यौतिषशास्त्रीयविवेचनार्थं सम्यग् व्याख्यानं दृश्यते। ग्रन्थव्याख्याकर्त्रा भाष्यमपि विहितमस्ति येन सामान्यजना अपि समवबुध्येरन्। भूमिकायान्तु ग्रन्थकृता ज्यौतिषशास्त्रीयदार्शनिकीं भूमिमाश्रित्य नवग्रहमण्डलीया सामाजिकपरिस्थितिस्तस्याः परिवर्तनं बीजगणितीयरेखागणितीयञ्च सिद्धान्तजातं सम्यङ् निरूपितमस्ति। किञ्च भूगर्भीयोत्खननादिषु कर्मसु विशेषतो भौतिकाध्यात्मिकाधिदैविकेषु सर्वत्र ज्यौतिषशास्त्रमपेक्षत इतिसुस्पष्टीकृतम्।

एतावन्मात्रमेव नहि, अपितु ग्रन्थान्ते अङ्गेषु पल्लीपतनविचारः, अङ्गेषु सरटारोहणविचारः, तथा अङ्गस्फुरणविचारः– इति साङ्गतया तत्त्वत्रयस्य गुम्फनं परिशिष्टे दत्त्वा ग्रन्थस्यास्य परमोपयोगित्वं सामाजिकानां विदुषां जनानाङ्कृते विहितम्।

हस्तरेखातिरिक्तं मानवशरीरस्य किमपि शारीरिकमङ्गविशेषं दृष्ट्वा फलादेशपद्धतिरपि सम्यगत्र ग्रन्थे विशेषरूपेण प्रतिपादिता अस्ति। ग्रन्थस्यास्य प्रकाशनेन सामुद्रिकशास्त्र-फलितज्यौतिषशास्त्रीयतत्त्वानां सम्यगुन्मेषो नूनं भविष्यति। तेन च जगतः कल्याणमेव भविता।

अहमेतस्य विदुषः कृतिविशेषस्यास्य सार्वभौमरूपेण प्रचारं प्रसारञ्च कामये।

रामनवमी २०५१.
सं० सं० वि० वि०,
वाराणसी.

श्रीपतिरामत्रिपाठी

भूमिका

भारतीय ज्यौतिष और मनुष्यसमाज

मनुष्य स्वभाव से ही अन्वेषक प्राणी है। वह सृष्टि की प्रत्येक वस्तु के साथ अपने जीवन का तादात्म्य स्थापित करना चाहता है। इसी प्रवृत्ति ने ज्यौतिष के साथ जीवन का सम्बन्ध स्थापित करने के लिए उसे बाध्य किया है। इसीलिये वह अपने जीवन के भीतर ज्यौतिष के तत्त्वों का प्रत्यक्ष दर्शन करना चाहता है। इसी कारण वह शास्त्रीय एवं व्यावहारिक ज्ञान द्वारा प्राप्त अनुभव को, ज्यौतिष की कसौटी पर कसकर, देखना चाहता है कि ज्यौतिष का जीवन में क्या स्थान है!

भारतीय ज्ञान की समस्त पृष्ठभूमि दर्शनशास्त्र है, यही कारण है कि भारत में ज्ञान को दार्शनिक मापदण्ड द्वारा मापा जाता है। इसी सिद्धान्त के परिप्रेक्ष्य में वह ज्यौतिष को भी इसी दृष्टिकोण से देखता है। भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा अमर है, इसका कभी नाश नहीं होता, केवल यह कर्मों के अनादि प्रवाह के कारण पर्यायों को बदलता है। भारतीय दर्शन की मान्यता है कि दृश्य सृष्टि केवल नाम रूप या कर्म ही नहीं है, किन्तु इस नामरूपात्मक आवरण के लिए आधारभूत एक अरूपी, स्वतन्त्र और अविनाशी आत्मतत्त्व भी है। तथा प्राणिमात्र के शरीर में स्थित यह तत्त्व नित्य एवं चैतन्य है, केवल कर्म-बन्ध के कारण वह परतन्त्र और विनाशी दिखलायी पड़ता है। वैदिक दर्शनों में कर्म सञ्चित, प्रारब्ध और क्रियमाण भेद से तीन प्रकार का कहा गया है। १. किसी के द्वारा वर्तमान क्षण तक किया गया जो कर्म, चाहे वह इस जन्म में किया गया हो या पूर्व जन्मों में, वह सब 'संचित' कहलाता है। अनेक जन्म-जन्मान्तरों के संचित कर्मों को एक साथ भोगना सम्भव नहीं है; क्योंकि इनसे मिलने वाले परिणामस्वरूप फल परस्पर-विरोधी होते है, अतः इन्हें एक के बाद एक कर भोगना पड़ता है। २. संचित में से जितने कर्मों के फल का पहले भोगना प्रारम्भ होता है, उतने ही कर्म को 'प्रारब्ध' कहते हैं। तात्पर्य यह है कि संचित अर्थात् समस्त जन्म-जन्मान्तर के कर्मों के संग्रह में से एक छोटे भेद को प्रारब्ध कहते हैं। यहाँ इतना स्मरण रखना होगा कि समस्त संचित का नाम प्रारब्ध नहीं, बल्कि जितने भाग का भोग आरम्भ हो गया है वह प्रारब्ध है। मूल रूप से ईश्वर की इच्छा कहा जा सकता है। ३. जो कर्म अभी हो रहा है या जो अभी किया जा रहा है, वह 'क्रियमाण' है। इस प्रकार इन त्रिविध कर्मों के कारण आत्मा अनेक जन्मों को धारण कर संस्कार अर्जन करता चला आ रहा है।

आत्मा के साथ, अनादिकालीन कर्म-प्रवाह के कारण, लिङ्गशरीर—कारणशरीर और भौतिक स्थूलशरीर का सम्बन्ध है। जब आत्मा एक स्थान से इस भौतिक शरीर का त्याग करता है तो लिङ्गशरीर उसे अन्य स्थूल शरीर की प्राप्ति में सहायक होता है। इस स्थूल भौतिक शरीर की विशेषता यह है कि इसमें प्रवेश करते ही आत्मा जन्म-जन्मान्तरों के संस्कारों की निश्चित स्मृति को खो देता है। इसलिए ज्योतिर्विदों ने प्राकृतिक ज्यौतिष के आधार पर कहा है कि यह आत्मा मनुष्य के वर्तमान स्थूल शरीर में रहते हुए भी एक से अधिक जगत् के साथ सम्बन्ध रखता है। मानव का भौतिक शरीर प्रधानतः ज्योतिः, मानसिक और पौद्गलिक-इन तीन उपशरीरों में विभक्त है। यह 'ज्योतिः' उपशरीर Astrals's body द्वारा नक्षत्र जगत् से, मानसिक उपशरीर द्वारा मानसिक जगत् से और पौद्गलिक उपशरीर द्वारा भौतिक जगत् से सम्बद्ध है। अतः मानव प्रत्येक जगत् से प्रभावित होता है तथा अपने भावों, विचारों और क्रियाओं द्वारा समग्र जगत् को प्रभावित करता है। ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य आदि अनेक शक्तियों का धारक आत्मा उसके वर्तमान शरीर में सर्वत्र व्यापक है तथा शरीर प्रमाण रहने पर भी अपनी चैतन्य क्रियाओं द्वारा विभिन्न जगतों में अपना कार्य करता है। मनोवैज्ञानिकों ने आत्मा की इस क्रिया की विशेषता के कारण ही मनुष्य के व्यक्तित्व को बाह्य और आन्तरिक—दो भागों में विभक्त किया है।

(क) बाह्य व्यक्तित्व—वह है जिसने इस भौतिक शरीर के रूप में अवतार लिया है। यह आत्मा की चेतन क्रिया की विशेषता के कारण अपने पूर्वजन्म के निश्चित प्रकार के विचारों भावों और क्रियाओं की ओर झुकाव प्राप्त करता है तथा इस जीवन के अनुभवों द्वारा इस व्यक्तित्व के विकास में वृद्धि होती है और यह धीरे-धीरे विकसित होकर आन्तरिक व्यक्तित्व में मिलने का प्रयास करता है।

(ख) आन्तरिक व्यक्तित्व—वह है जो अनेकों बाह्य व्यक्तित्व की स्मृतियों, अनुभवों और प्रवृत्तियों का संश्लेषण अपने में रखता है।

बाह्य और आन्तरिक इस उभय व्यक्तित्व सम्बन्धी चेतना को ज्यौतिष में विचार, अनुभव और क्रिया के रूप में त्रिविध माना गया है। बाह्य व्यक्तित्व के तीनों रूप तो आन्तरिक व्यक्तित्व के इन तीनों रूपों से सम्बद्ध हैं, पर आन्तरिक व्यक्तित्व के तीन रूप अपनी निजी विशेषता और शक्ति रखते हैं, जिससे मनुष्य के भौतिक, मानसिक और आध्यात्मिक इस त्रिविध जगत् का संचालन होता है। मनुष्य का अन्तःकरण इन तीनों व्यक्तित्वों के उक्त तीनों रूपों को मिलाने का कार्य करता है। इसी बात को यों भी कहा जा सकता है कि ये तीनों रूप एक मौलिक अवस्था में आकर्षण और विकर्षण की प्रवृत्ति द्वारा अन्तःकरण की सहायता से सन्तुलित रूप को प्राप्त होते हैं।

निष्कर्ष यह है कि बाह्य व्यक्तित्व को आकर्षण की प्रवृत्ति और आन्तरिक व्यक्तित्व को विकर्षण की प्रवृत्ति प्रभावित करती है, इन दोनों के बीच में रहनेवाला अन्तःकरण इन्हें सन्तुलन प्रदान करता है। मनुष्य की उन्नति और अवनति इस सन्तुलन की की तराजू पर ही निर्भर है।

मानव जीवन के बाह्य व्यक्तित्व के तीन रूप और आन्तरिक व्यक्तित्व के तीन रूप तथा एक अन्तःकरण—इन सातों के प्रतीक रूप में सौर-जगत् में रहनेवाले सात ग्रह माने गये हैं। उपर्युक्त सात रूप सब प्राणियों के एक-से नहीं होते, अपितु जन्म-जन्मान्तरों के संचित, प्रारब्ध कर्म विभिन्न प्रकार के हैं, अतः प्रतीक-रूप ग्रह अपने-अपने प्रतिरूप्य के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की बातें प्रकट करते हैं। प्रतिरूप्यों की वास्तविक अवस्था बीजगणित की अव्यक्त मान-कल्पना द्वारा निष्पन्न अंकों के समान प्रकट हो जाती है।

आधुनिक वैज्ञानिक प्रत्येक वस्तु की आन्तरिक रचना को सौर-मण्डल के समान बतलाते हैं। उन्होंने परमाणु के सम्बन्ध में अन्वेषण करते हुए बताया है कि प्रत्येक पदार्थ की सूक्ष्म रचना का आधार परमाणु है। अथवा यों कहें कि परमाणु की ईंटों को जोड़ कर ही पदार्थ का विशाल भवन निष्पन्न होता है। यह परमाणु सौर-जगत् के समान आकार-प्रकारवाला है। इसके मध्य में एक घनविद्युत् का विन्दु है, जिसे 'केन्द्र' कहते हैं। इसका व्यास एक इंच के १० लाखवें भाग का भी १० लाखवाँ भाग बताया गया है। परमाणु के जीवन का सार इसी केन्द्र में बसता है। इस केन्द्र के चारों ओर अनेक सूक्ष्मातिसूक्ष्म विद्युत्कण चक्कर लगाते रहते हैं और ये केन्द्रवाले धन-विद्युत्कण के साथ मिलने का उपक्रम करते रहते हैं। हमारा शरीर इस प्रकार के अनन्त परमाणुओं के समाहार का एकत्र स्वरूप है।

सौर जगत् के सात ग्रह

भारतीय दर्शन में भी 'यथा पिण्डे तथा ब्रह्माण्डे' का सिद्धान्त प्राचीन काल से ही प्रचलित है। तात्पर्य यह है कि वास्तविक सौर-जगत् में सूर्य, चन्द्र आदि ग्रहों के भ्रमण करने में जो नियम कार्य करते हैं, वे ही नियम प्राणिमात्र के शरीर में स्थित सौर-जगत् के ग्रहों के भ्रमण करने में भी काम करते हैं। अतः आकाशस्थित ग्रह शरीरस्थित ग्रहों के प्रतीक हैं।

प्रथम कल्पनानुसार बाह्य व्यक्तित्व के तीन रूप; और आन्तरिक के तीन रूप तथा एक अन्तःकरण—इन सातों प्रतिरूप्यों के प्रतीक ग्रह निम्न प्रकार है—

१. बृहस्पति ग्रह—बाह्य व्यक्तित्व के प्रथम रूप-विचार का प्रतीक है। यह प्राणिमात्र के शरीर का प्रतिनिधित्व करता है और शरीरसञ्चालन के लिए रक्त प्रदान करता है। जीवित प्राणी के रक्त में रहनेवाले कीटाणुओं की चेतना से इसका सम्बन्ध

रहता है। इस प्रतीक द्वारा बाह्य व्यक्तित्व के प्रथम रूप से होनेवाले कार्यों का विश्लेषण किया जाता है। इसलिए ज्योतिषशास्त्र में प्रत्येक ग्रह से किसी भी मनुष्य के आत्मिक, अनात्मिक और शारीरिक—इन तीन पक्षों से फल का विचार किया जाता है। कारण यह है कि मनुष्य के व्यक्तित्व के किसी भी रूप का प्रभाव शरीर, आत्मा और बाह्य जड़ चेतन पदार्थों पर, जो शरीर से भिन्न हैं, पड़ता है। उदाहरण के लिए बाह्य व्यक्तित्व के प्रथम रूप विचार को लिया जा सकता है; मनुष्य के विचार का प्रभाव शरीर और चेतन शक्तियाँ—स्मृति, अनुभव, प्रत्यभिज्ञा आदि तथा मनुष्य से सम्बद्ध अन्य वस्तुओं पर भी पड़ता है। इन तीनों से पृथक् रहकर मनुष्य कुछ नहीं कर सकेगा, जब उसका जीवन जड़वत् स्तब्ध हो जायेगा। अतएव प्रथम रूप के प्रतीक बृहस्पति का विवेचन नीचे लिखी विधि से जानना चाहिए।

अनात्मा की दृष्टि से—बृहस्पति व्यापार, कार्य, वे स्थान और व्यक्ति जिनका सम्बन्ध धर्म और कानून से है-मन्दिर, पुजारी, मन्त्री, न्यायालय, न्यायाधीश, शिक्षा-संस्थाएँ, विश्वविद्यालय, धारासभाएँ, जनता के उत्सव, दान, सहानुभूति आदि का प्रतिनिधित्व करता है।

आत्मा की दृष्टि से—यह (बृहस्पति) ग्रह विचार मनोभाव और इन दोनों का मिश्रण, उदारता, अच्छा स्वभाव, सौन्दर्यप्रेम, शक्ति, भक्ति एवं व्यवस्थाबुद्धि, ज्ञान-ज्योतिष-तन्त्र-मन्त्र-विचार शक्ति इत्यादि आत्मिक भावों का प्रतिनिधित्व करता है।

शरीर की दृष्टि से यह ग्रह पैर, जंघा, यकृत, पाचनक्रिया, रक्त एवं नसों का प्रतिनिधित्व करता है।

२. मगल ग्रह—बाह्य व्यक्तित्व के द्वितीय रूप का प्रतीक है। यह इन्द्रियज्ञान और आनन्देच्छा का प्रतिनिधित्व करता है। जितने भी उत्तेजक और संवेदनाजन्य आवेग हैं उनका यह प्रधान केन्द्र है। बाह्य आनन्ददायक वस्तुओं द्वारा यह क्रियाशील होता है और पूर्व की आनन्ददायक अनुभवों की स्मृतियों को जाग्रत करता है। यह वांछित वस्तु की प्राप्ति तथा उन वस्तुओं की प्राप्ति के उपायों के कारणों की क्रिया का प्रधान उद्गम है। यह प्रधान रूप से इच्छाओं का प्रतीक है।

अनात्मिक दृष्टि से—यह सैनिक, डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर, रासायनिक, नाई, बढ़ई, लुहार, मशीन का कार्य करनेवाला, मकान बनानेवाला, खेल एवं खेल के समान आदि का प्रतिनिधित्व करता है।

आत्मिक दृष्टि से—यह साहस, बहादुरी, दृढ़ता, आत्मविश्वास, क्रोध, लड़ाकू-प्रवृत्ति एवं प्रभुत्व आदि भावों और विचारों का प्रतिनिधि है।

शारीरिक दृष्टि से यह बाहरी सिर (खोपड़ी), नाक एवं गाल का प्रतीक है।

इसके द्वारा संक्रामक रोग, घाव, खरौंच, शल्यचिकित्सा, रक्तदोष, वेदना आदि अभिव्यक्त होते है।

३. **चन्द्रमा**–बाह्य व्यक्तित्व के तृतीय रूप का प्रतीक है, यह मानव पर शारीरिक प्रभाव डालता है और विभिन्न अंगों तथा उनके कार्यों में सुधार करता है। वस्तु-जगत् से सम्बन्ध रखनेवाले पिछले मस्तिष्क पर इसका प्रभाव पड़ता है। बाह्य जगत् की वस्तुओं द्वारा होने वाली क्रियायों का इससे विशेष सम्बन्ध है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि चन्द्रमा स्थूल शरीरगत चेतना पर प्रभाव डालता है तथा यह मस्तिष्क में उत्पन्न होनेवाले परिवर्तनशील भावों का प्रतिनिधि है।

अनात्मिक दृष्टि से—यह श्वेत रंग, जहाज, बन्दरगाह, मछली, जल, तरल पदार्थ, नर्स, दासी, भोजन, रजत एवं बैगनी रंग के पदार्थों पर प्रभाव डालता है।

आत्मिक दृष्टि से–यह संवेदन, आन्तरिक इच्छा, उतावलापन, भावना, विशेषतः घरेलू जीवन की भावना, कल्पना, सतर्कता एवं लाभेच्छा पर प्रभाव डालता है।

शारीरिक दृष्टि से–पेट, पाचनशक्ति, आँतें, स्तन, गर्भाशय, योनिस्थान आँख एवं नारी के समस्त गुप्तागों पर इसका प्रभाव पड़ता है।

४. **शुक्र ग्रह**—आन्तरिक व्यक्तित्व के प्रथम रूप का प्रतीक है, यह सूक्ष्म मानव चेतनाओं की विधेय क्रियाओं का प्रतिनिधित्व करता है। पूर्णबली शुक्र निःस्वार्थ प्रेम के साथ प्राणिमात्र के प्रति भ्रातृत्व-भावना का विकास करता है।

अनात्मिक दृष्टि से—सुन्दर वस्तुएँ, आभूषण, आनन्ददायक चीजें-नाच, गान, वादय, सजावट की चीजें, कलात्मक वस्तु, एव भोगोपभोग की सामग्री आदि पर इसका प्रभाव पड़ता है।

आत्मिक दृष्टि से—स्नेह, सौन्दर्य-ज्ञान, आराम, आनन्द, विशेष प्रेम, स्वच्छता, परख-बुद्धि, कार्यक्षमता आदि पर इसका प्रभाव पड़ता है।

शारीरिक दृष्टि से–गला, गुरदा, आकृति, वर्ण, केश–जहाँ तक सौन्दर्य से सम्बन्ध है साधारणतः शरीर-संचालित करने वाले अंगों एवं लिंग आदि पर इसका प्रभाव पड़ता है।

५. **बुध ग्रह**—आन्तरिक व्यक्तित्व के द्वितीय रूप का प्रतिनिधि है। यह प्रधान रूप से आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। इसके द्वारा आन्तरिक प्रेरणा, सहेतुक निर्णयात्मक बुद्धि, वस्तुपरीक्षणशक्ति, समझ और बुद्धिमानी आदि का विश्लेषण किया जाता है। इस प्रतीक में विशेषता यह रहती है कि यह गम्भीरतापूर्वक किये गये विचारों का विश्लेषण बड़ी खूबी से करता है।

अनात्मिक दृष्टि से—स्कूल, कालेज का शिक्षण, विज्ञान, वैज्ञानिक और

साहित्यिक स्थान, प्रकाशन-स्थान, सम्पादक, लेखक, प्रकाशक, पोस्ट-मास्टर, व्यापारी एवं बुद्धिजीवियों पर इसका विशेष प्रभाव पड़ता है। पीले रंग और पारा धातु पर भी यह अपना प्रभाव डालता है।

आत्मिक दृष्टि से–यह समझ, स्मरणशक्ति, खण्डन-मण्डनशक्ति, सूक्ष्म कलाओं की उत्पादन शक्ति एवं तर्कणा आदि का प्रतिनिधि है।

शारीरिक दृष्टि से– यह मस्तिष्क, स्नायु क्रिया, जिह्वा, वाणी, हाथ तथा कलापूर्ण कार्योत्पादक अङ्गों पर प्रभाव डालता है।

६. सूर्य-ग्रह—आन्तरिक व्यक्तित्व के तृतीय रूप का प्रतिनिधि है। यह पूर्ण देवत्व की चेतना का प्रतीक है। इसकी सात किरणें हैं जो कार्यरूप से भिन्न होती हुई भी इच्छा के रूप में पूर्ण होकर प्रकट होती है। यह मनुष्य के विकास में सहायक तीनों प्रकार की चेतनाओं के सन्तुलित रूप का प्रतीक है। यह पूर्ण इच्छा-शक्ति, ज्ञान शक्ति, सदाचार, विश्राम, शान्ति, जीवन की उन्नति एवं विकास का द्योतक है।

अनात्मिक दृष्टि से–जो व्यक्ति दूसरों पर अपना प्रभाव रखते हों ऐसे राजा, मन्त्री, सेनापति, सरदार, आविष्कारक, पुरातत्त्ववेत्ता आदि पर अपना प्रभाव डालता है।

आत्मिक दृष्टि से–यह प्रभुता, ऐश्वर्य, प्रेम, उदारता, महत्त्वाकांक्षा, आत्मविश्वास आत्मनियन्त्रण, विचार और भावनाओं का सन्तुलन एवं सहृदयता का प्रतीक है।

शारीरिक दृष्टि से–हृदय रक्त-संचालन, नेत्र, रक्तवाहक छोटी नसें, दाँत, कान आदि अंगों का प्रतिनिधि है।

७. शनि-ग्रह–अन्तःकरण का प्रतीक है। यह बाह्य चेतना और आन्तरिक चेतना को मिलाने में पुल का काम करता है। प्रत्येक नवजीवन में आन्तरिक व्यक्तित्व से जो कुछ प्राप्त होता है और जो मनुष्य के व्यक्तिगत जीवन के अनुभवों से मिलता है, उससे मनुष्य को यह वृद्धिङ्गत करता है। यह प्रधान रूप से 'अहं' भावना का प्रतीक होता हुआ भी व्यक्तिगत जीवन के विचार, इच्छा और कार्यों के सन्तुलन का भी प्रतीक है। विभिन्न प्रतीकों से मिलने पर यह नाना तरह से जीवन के रहस्यों को अभिव्यक्त करता है। उच्च स्थान अर्थात् तुला राशि का शनि विचार और भावों की समानता का द्योतक है।

अनात्मिक दृष्टि से-कृषक, हलवाहा, पत्रवाहक, चरवाहा, कुम्हार, माली, मठाधीश, कृपण, पुलिस अफसर, उपवास करनेवाले साधु-सन्यासी आदि व्यक्ति तथा पहाड़ी स्थान, चट्टानी प्रदेश, बंजर भूमि, गुफा, प्राचीन ध्वंसस्थान, श्मशान-घाट, कब्रिस्तान एवं चौरस मैदान आदि का प्रतिनिधि है।

आत्मिक दृष्टि से—तात्त्विक ज्ञान, विचारस्वतन्त्र्य, नायकत्व, मननशीलता, कार्यपरायणता, आत्मसंयम, धैर्य, दृढ़ता, गम्भीरता, चरित्रशुद्धि, सतर्कता, विचारशीलता एवं कार्यक्षमता का प्रतीक है।

शारीरिक दृष्टि से—हड्डियाँ, नीचे के दाँत, बड़ी आँते, एवं मांसपेशियों पर प्रभाव डालता है;

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि सौर-जगत् के सात ग्रह मानव जीवन के विभिन्न अवयवों के प्रतीक है। इन सातों के क्रिया-फल द्वारा ही जीवन का संचालन होता है। प्रधान सूर्य और चन्द्रमा बौद्धिक और शारीरिक उन्नति-अवनति के प्रतीक माने गये हैं। पूर्वोक्त जीवन के विभिन्न अवयवों के प्रतीक ग्रहों का क्रम दोनों व्यक्तित्वों के तृतीय, द्वितीय प्रथम और अन्तःकरण के प्रतीकों के अनुसार है अर्थात् आन्तरिक व्यक्तित्व के तृतीय रूप का प्रतीक सूर्य, बाह्य व्यक्तित्व के तृतीय रूप का प्रतीक चन्द्रमा, बाह्य व्यक्तित्व के द्वितीय रूप का प्रतीक मंगल, आन्तरिक व्यक्तित्व के द्वितीय रूप का प्रतीक बुध, बाह्य व्यक्तित्व के प्रथम रूप का प्रतीक बृहस्पति, आन्तरिक व्यक्तित्व के प्रथम रूप का प्रतीक शुक्र एवं अन्तःकरण का प्रतीक शनि; इस प्रकार सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनि इन सातों ग्रहों का क्रम सिद्ध होता है। अतः स्पष्ट होता है कि मानव जीवन के साथ ग्रहों का अभिन्न सम्बन्ध है।

आचार्य वराहमिहिर का सिद्धान्त

आचार्य वराहमिहिर के सिद्धान्तों को मनन करने से ज्ञात होता है कि शरीरचक्र ही ग्रह-कक्षावृत्त है। इस कक्षावृत्त के द्वादश भाग—मस्तक, मुख, वक्षःस्थल, हृदय उदर, कटि, वस्ति, लिंग, जंघा, घुटना, पिण्डली और पैर क्रमशः मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ और मीन संज्ञक हैं। इन बारह राशियों में भ्रमण करनेवाले ग्रहों में आत्मा रवि, मन चन्द्रमा, धैर्य मंगल, वाणी बुध, विवेक गुरु, वीर्य शुक्र और संवेदन शनि है। तात्पर्य यह है कि वराहमिहिराचार्य ने सात ग्रह और बारह राशियों की स्थिति देहधारी प्राणी के भीतर ही बतलायी है। इस शरीरस्थित सौरचक्र का भ्रमण आकाशस्थित सौर-मण्डल के नियमों के आधार पर ही होता है। ज्यौतिषशास्त्र व्यक्त सौर-जगत् के ग्रहों की गति, स्थिति आदि के अनुसार अव्यक्त शरीर स्थित सौर-जगत् के ग्रहों की गति, स्थिति आदि को प्रकट करता है।

प्राचीन भारतीय आचार्यों ने प्रयोगशालाओं के अभाव में भी अपने दिव्य योगबल द्वारा आभ्यन्तर सौर-जगत् का पूर्ण दर्शन कर आकाशमण्डलीय सौर-जगत् के नियम निर्धारित किये थे, उन्होंने अपने शरीरस्थित सूर्य की गति से ही आकाशीय

सूर्य की गति निश्चित की थी। इसी कारण ज्योतिष के फलाफल का विवेचन आज भी विज्ञानसम्मत माना जाता है।

भारतीय ज्योतिष का रहस्य

यद्यपि उपर्युक्त विवेचन से ही भारतीय ज्यौतिष के रहस्य का आभास मिल जाता है, फिर भी इस विषय पर और कुछ विस्तृत विचार करना आवश्यक है। प्रायः समस्त भारतीय विज्ञान का लक्ष्य एकमात्र अपनी आत्मा का विकास कर उसे परमात्मा में मिला देना या तत्तुल्य बना लेना है। दर्शन या विज्ञान सभी का ध्येय विश्व के गूढ़ तत्त्वों के रहस्य को स्पष्ट करना है। ज्योतिष भी विज्ञान होने के कारण इस अखिल ब्रह्माण्ड के रहस्य को व्यक्त करने का प्रयत्न करता है।

यद्यपि आत्मा के स्वरूप का स्पष्टीकरण करना योग या दर्शन का विषय है; लेकिन ज्यौतिषशास्त्र में भी इस विषय पर यथाप्रसङ्ग विचार किया गया है। भारत की प्रमुख विशेषता आत्मा की श्रेष्ठता है। इस प्रिय वस्तु की प्राप्ति के लिए सभी दार्शनिक या वैज्ञानिक अपने अनुभवों की थैली बिना खोले नहीं रह सकते। फलतः दर्शन के समान ज्योतिष ने भी आत्मा के श्रवण, मनन और निदिध्यासन पर गणित के प्रतीकों द्वारा जोर दिया है। यों तो स्पष्ट रूप से ज्योतिष शास्त्र में आत्म-साक्षात्कार के उक्त साधनों का कथन नहीं मिलेगा, लेकिन प्रतीकों से उक्त विषय सहज ही हृदय-गम्य किये जा सकते हैं। प्रायः देखा भी जा सकता है कि उत्कृष्ट आत्मज्ञानी ज्योतिष रहस्य का वेत्ता अवश्य होता है। प्राचीन या अर्वाचीन युग में दर्शन शास्त्र से अपरिचित व्यक्ति ज्योतिर्विद् होने का भी अधिकारी नहीं माना गया।

ज्यौतिषशास्त्र का अन्य नाम ज्योतिःशास्त्र भी आता है, जिसका अर्थ प्रकाश देने वाला या प्रकाश के सम्बन्ध में बतलानेवाला शास्त्र होता है; अर्थात् जिस शास्त्र से संसार का धर्म, जीवन-मरण का रहस्य और जीवन के सुख-दुःख के सम्बन्ध में पूर्ण प्रकाश मिले वह ज्यौतिषशास्त्र है। छान्दोग्य उपनिषद् में ब्रह्म का वर्णन करते हुए बताया है—"मनुष्य का वर्तमान जीवन उनके पूर्व संकल्पों और कामनाओं का परिणाम है तथा इस जीवन में वह जैसा संकल्प करता है, वैसा ही यहाँ से जाने पर बन जाता है। अतएव पूर्ण प्राणमय, मनोमय, प्रकाशरूप एवं समस्त कल्पनाओं और विषयों के अधिष्ठानभूत ब्रह्म का ध्यान करना चाहिए।" (छा० उ० ३.१४) इससे स्पष्ट है कि ज्यौतिष के तत्त्वों के आधार पर वर्तमान जीवन का निर्माण कर प्रकाशरूप—ज्योतिःस्वरूप ब्रह्म का सान्निध्य प्राप्त किया जा सकता है।

यहाँ स्मरण रखने की बात यह है कि मानव जीवन नियमित सरल रेखा की गति से नहीं चलता, बल्कि इस पर विश्वजनीन कार्यकलापों के घात-प्रतिघात लगा करते हैं। सरल रेखा की गति से गमन करने पर जीवन की विशेषता भी चली

जायगी; क्योंकि जबतक जगत् के व्यापारों का प्रवाह जीवनरेखा को धक्का देकर आगे नहीं बढ़ाता, अथवा पीछे लौटकर उसका ह्रास नहीं करता तबतक जीवन की दृढ़ता प्रकट नहीं हो सकती। निष्कर्ष यह है कि सुख और दुःख के भाव ही मानव को गतिशील बनाते हैं, इन भावों की उत्पत्ति बाह्य और आन्तरिक जगत् की संवेदनाओं से होती है। अतएव मानव जीवन अनेक समस्याओं का सन्दोह और उन्नति-अवनति, आत्मविकास और ह्रास के विभिन्न रहस्यों का पिटारा है। ज्यौतिषशास्त्र आत्मिक, अनात्मिक भावों और रहस्यों को व्यक्त करने के साथ-साथ उपर्युक्त सन्दोह और पिटारे का प्रत्यक्षीकरण कर देता है। भारतीय ज्यौतिष का रहस्य इसी कारण अतिगूढ़ हो गया है। जीवन के आलोच्य सभी विषयों का इस शास्त्र का प्रतिपाद्य विषय बनना ही इस बात का साक्षी है कि यह जीवन का विश्लेषण करने वाला शास्त्र है।

भारतीय ज्योतिष शास्त्र का लक्ष्य

भारतीय ज्योतिषशास्त्र के निर्माताओं के व्यावहारिक एवं पारमार्थिक दोनों ही लक्ष्य रहे हैं। प्रथम दृष्टि से इस शास्त्र का लक्ष्य रहस्यगणना करना तथा दिक्, देश एवं काल का मानव समाज को परिज्ञान कराना कहा जा सकता है। प्राकृतिक पदार्थों के अणु-अणु का परिशीलन एवं विश्लेषण करना भी इस शास्त्र का लक्ष्य है। सांसारिक समस्त व्यापार दिक्, देश और काल—इन तीन के सम्बन्ध से ही परिचालित हैं, इन तीन के ज्ञान बिना व्यावहारिक जीवन की कोई भी क्रिया सम्यक् प्रकार से सम्पादित नहीं की जा सकती। अतएव सुचारु रूप से दैनन्दिन कार्यों का संचालन करना ज्यौतिष का व्यावहारिक उद्देश्य है। इस शास्त्र में काल-समय को पुरुष-ब्रह्म माना है और ग्रहों की रश्मियों के स्थितिवश इस पुरुष के उत्तम, मध्यम, उदासीन एवं अधम—ये चार अंग-विभाग किये हैं। त्रिगुणात्मक प्रकृति द्वारा निर्मित समस्त जगत् सत्त्व, रज और तमोमय है। जिन ग्रहों में सत्त्वगुण की अधिकता वाले ग्रहों की किरणें अमृतमय; रजोगुण का अधिकता वाले ग्रहों की उभयगुणमिश्रित किरणें, जिनमें तमोगुण अधिक रहता है उनकी विषमय किरणें, एवं जिनमें तीनों गुणों की कल्पता रहती है उनकी गुणहीन किरणें मानी गयी हैं। ग्रहों के शुभाशुभत्व का विभाजन भी इन किरणों के गुणों से ही हुआ है। आकाश में प्रतिक्षण अमृतरश्मि सौम्य ग्रह अपनी गति से जहाँ-जहाँ जाते हैं, उनकी किरणें भूमण्डल के उन उन प्रदेशों पर पड़कर वहाँ के निवासियों के स्वास्थ्य, बुद्धि आदि पर अपना सौम्य प्रभाव डालती हैं। विषमय किरणोंवाले क्रूर-ग्रह अपनी गति से जहाँ गमन करते हैं, वहाँ वे अपने दुष्प्रभाव से वहाँ के निवासियों के स्वास्थ्य और बुद्धि पर अपना बुरा प्रभाव डालते हैं। मिश्रितरश्मि ग्रहों के प्रभाव मिश्रित एवं गुणहीन रश्मियों के ग्रहों का प्रभाव साधारण होता है।

उत्पत्ति के समय उन-उन रश्मिवाले ग्रहों की प्रधानता से जातक का स्वभाव भी वैसा ही बन जाता है। कहा भी है :

> एते ग्रहा बलिष्ठाः प्रसूतिकाले नृणां स्वमूर्त्तिसमम्।
> कुर्युर्देहं नियतं बहवश्च समागता मिश्रम्॥

अतएव स्पष्ट है कि संसार की प्रत्येक वस्तु आन्दोलित अवस्था में रहती है और उन पर ग्रहों को प्रभाव पड़ता रहता है।

ब्राह्मणादि वर्णों की उत्पत्ति—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र—इन चारों वर्णों की उत्पत्ति भी ग्रहों के सम्बन्ध से ही होती है। जिन व्यक्तियों का जन्म काल-पुरुष के उत्तम भाग—अमृतमय रश्मियों के प्रभाव से होता है वे पूर्णबुद्धि, सत्यवादी, अप्रमादी, स्वाध्यायशील, जितेन्द्रिय, मनस्वी एवं सच्चरित्र होते हैं, अतएव ब्राह्मण, जिनका जन्मकाल पुरुष के मध्यभाग—रजोगुणाधिक्य मिश्रित रश्मियों के प्रभाव से होता है वे मध्यबुद्धि; तेजस्वी, शूरवीर, प्रतापी, निर्भय, स्वाध्यायशील, साधु-अनुग्राहक एवं दुष्टनिग्राहक होते हैं, अतएव क्षत्रिय, जिनका जन्म उदासीन अंगगुणत्रय की अल्पतावाली ग्रह-रश्मियों के प्रभाव से होता है वे उदासीनबुद्धि, व्यवसायकुशल, पुरुषार्थी, स्वाध्यायरत एवं सम्पत्तिशाली होते हैं। अतएव वैश्य एवं जिनका जन्म अधमाङ्ग-तमोगुणाधिक्य रश्मिवाले ग्रहों के प्रभाव से होता है वे विवेकशून्य, दुर्बुद्धि, व्यसनी, सेवावृत्ति एवं हीनाचरण वाले होते हैं, अतएव शूद्र बताये गये हैं। ज्यौतिष की यह वर्णव्यवस्था वंश-परम्परा से आगत वर्णव्यवस्था से भिन्न है, क्योंकि हीन वर्ण में भी जन्मा व्यक्ति ग्रहों की रश्मियों के प्रभाव से उच्च वर्ण का हो सकता है।

भारतीय ज्योतिर्विदों का अभिमत है कि मानस जिस नक्षत्र-ग्रह वातावरण के तत्त्वप्रभावविशेष में उत्पन्न एवं पोषित होता है, उसमें उसी तत्त्व की विशेषता रहती है। ग्रहों की स्थिति की विलक्षणता के कारण अन्य तत्त्वों का न्यूनाधिक प्रभाव होता है। देशकृत ग्रहों का संस्कार इस बात का द्योतक है कि स्थान-विशेष के वातावरण में उत्पन्न एव पुष्ट होने वाला प्राणी उस स्थान पर पड़ने वाली ग्रह-रश्मियों की अपनी निजी विशेषता के कारण अन्य स्थान पर उसी क्षण जन्मे व्यक्ति की अपेक्षा भिन्न स्वभाव, भिन्न आकृति एवं विलक्षण शरीरावयव वाला होता है। ग्रह-रश्मियों का प्रभाव केवल मानव पर ही नहीं, बल्कि वन्य, स्थलज एवं उद्भिज्ज आदि पर भी अवश्य पड़ता है।

ज्यौतिषशास्त्र में मुहूर्त—समयविधान की जो मर्म-प्रधान व्यवस्था है, उसका रहस्य इतना ही है कि गगनगामी ग्रह-नक्षत्रों की अमृत, विष एवं उभय गुणवाली रश्मियों का प्रभाव सदा एक-सा नहीं रहता। गति की विलक्षणता के कारण किसी समय में ऐसे नक्षत्र या ग्रहों का वातावरण रहता है, जो अपने गुण और तत्वों की

विशेषता के कारण किसी विशेष कार्य की सिद्धि के लिए ही उपयुक्त हो सकते हैं। अतएव विभिन्न कार्यों के लिए मुहूर्तशोधन, अन्धश्रद्धा या विश्वास की चीज नहीं है, किन्तु विज्ञानसम्मत रहस्यपूर्ण है। हाँ, कुशल परीक्षक के अभाव में इन चीजों की परिणाम-विषमता दिखलायी पड़ सकती है।

रत्नधारण करना—ग्रहों के अनिष्ट प्रभाव को दूर करने के लिए जो रत्न धारण करने की परिपाटी ज्योतिषशास्त्र में प्रचलित है, निरर्थक नहीं है। इसके पीछे भी विज्ञान का रहस्य छिपा है। प्रायः सभी लोग इस बात से परिचित हैं कि सौर-मण्डलीय वातावरण का प्रभाव पाषाणों के रंग-रूप, आकार-प्रकार एवं पृथिवी, जल, अग्नि आदि तत्त्वों में से किसी तत्त्व की प्रधानता पर पड़ता है। समगुण वाली रश्मियों के ग्रहों से पुष्ट और संचालित व्यक्ति को वैसी ही रश्मियों के वातावरण में उत्पन्न रत्न-धारण कराया जाय तो वह उचित परिणाम देता है। प्रतिकूल प्रभाव के मानव को विपरीत स्वभावोत्पन्न रत्न-धारण करा दिया जायँ तो वह उसके लिए विषम हो जायगा। स्वभावानुरूप रश्मिप्रभाव-परीक्षण के पश्चात् सात्त्विक साम्य हो जाने पर रत्न सहज में लाभप्रद हो सकता है।

तात्पर्य यह है कि ग्रहों के जिन तत्त्वों के प्रभाव से जो रत्न-विशेष प्रभावित है, उसका प्रयोग उस ग्रह के तत्त्व के अभाव में उत्पन्न मनुष्य पर किया जाय तो वह अवश्य ही उस व्यक्ति को उचित शक्ति देनेवाला होगा। कृष्ण पक्ष में उत्पन्न जिन व्यक्तियों को चन्द्रमा का अरिष्ट होता है अर्थात् जिन्हें चन्द्रबल या चन्द्रमा की अमृत-रश्मियों की शक्ति उपलब्ध नहीं होती है; उसके शरीर में कैल्शियम-चूने की अल्पता रहती है। ऐसी अवस्था में उक्त कमी को पूरा करने के लिए चन्द्रप्रभावजन्य मौक्तिक मणि अथवा चन्द्रकान्त का प्रयोग लाभकारी होता है। ज्यौतिषी चन्द्रमा के कष्ट से पीड़ित व्यक्ति को इसी कारण मुक्ता धारण करने का निर्देश करते हैं। अनुभवी ज्योतिर्विद् ग्रहों की गति से ही शारीरिक और मानसिक विकारों का अनुमान कर लेते हैं। अतः सिद्ध है कि ग्रहों की रश्मियों का भी प्रभाव संसार के समस्त पदार्थों पर पड़ता है। ज्यौतिष शास्त्र इस प्रभाव का ही विश्लेषण करता है।

ग्रह फलाफल के केवल सूचक हैं—भारतीय ज्योतिष के लौकिक पक्ष में एक रहस्यपूर्ण बात यह है कि ग्रह फलाफल के नियामक नहीं, किन्तु सूचक हैं। अर्थात् ग्रह किसी को सुख-दुख की सूचना देते हैं। यद्यपि यह पहले कहा गया है कि ग्रहों की रश्मियों का प्रभाव पड़ता है, पर यहाँ इसका सदा स्मरण रखना होगा कि विपरीत वातावरण के होने पर रश्मियों के प्रभाव को अन्यथा भी सिद्ध किया जा सकता है। जैसे अग्नि का स्वभाव जलाने का है, पर जब चन्द्रकान्तमणि हाथ में ले ली जाती है, तो वही अग्नि जलाने का कार्य नहीं कर पाती। उसकी दाहक शक्ति चन्द्रकान्त के

प्रभाव से क्षीण हो जाती है। इसी प्रकार ग्रहों की रश्मियों के अनुकूल और प्रतिकूल वातावरण का प्रभाव अनुकूल या प्रतिकूल रूप से अवश्य पड़ता है। आज के कृत्रिम जीवन में ग्रह-रश्मियाँ अपना प्रभाव डालने में प्रायः असमर्थ रहती हैं। भारतीय दर्शन या अध्यात्मशास्त्र का यह सिद्धान्त भी उपेक्षणीय नहीं कि अर्जित संस्कार ही प्राणी के सुख-दुख, जीवन-मरण, विकास ह्रास, उन्नति अवनति प्रभृति के कारण हैं। संस्कारों का अर्जन सर्वदा होता रहता है। पूर्व संचित संस्कारों को वर्तमान संचित संस्कारों से प्रभावित होना पड़ता है।

अभिप्राय यह है कि मनुष्य अपने पूर्वोपार्जित अदृष्ट के साथ-साथ वर्तमान में जो शुभ या अशुभ कार्य कर रहा है, उन कार्यों का प्रभाव उसके पूर्वोपार्जित अदृष्ट पर अवश्य पड़ता है। हाँ कुछ कर्म ऐसे भी प्रबल हो सकते हैं जिनके ऊपर इस जन्म में किये गये कृत्यों का प्रभाव नहीं भी पड़ता है। उदाहरण के लिए एक कोष्ठबद्धता के रोगी को लें। परीक्षा के बाद इस रोगी से वैद्य ने कहा कि तुम्हारी कोष्ठबद्धता दस दिन के उपवास करने पर ही ठीक हो सकती है। यदि इस रोगी को उपवास न करा के बिरेचन की दवा दे दी जाय तो वह दूसरे दिन ही मल के निकल जाने पर स्वस्थ हो जाता है। इसी प्रकार पूर्वोपार्जित कर्मों की स्थिति और उनकी शक्ति को इस जन्म के कृत्यों के द्वारा सुधारा जा सकता है।

अतएव ज्यौतिष का प्रधान उपयोग यही है कि ग्रहों के स्वभाव और गुणों द्वारा अन्वय, व्यतिरेक रूप कार्यकारणजन्य अनुमान से अपने भावी सुख दुःख प्रभृति को पहले से अवगत कर अपने कार्यों में सजग रहना चाहिए; जिससे आगामी दुख को सुखरूप में परिणत किया जा सके। यदि ग्रहों का फल अनिवार्य रूप से भोगना ही पड़े, पुरुषार्थ को व्यर्थ मानें तो फिर इस जीव को कभी मुक्तिलाभ हो ही नहीं सकेगा। हमारी तो दृढ़ धारणा है कि जहाँ पुरुषार्थ प्रबल होता है, वहाँ अदृष्ट को टाला जा सकता है अथवा न्यून रूप में किया जा सकता है। कहीं-कहीं पुरुषार्थ अदृष्ट को पुष्ट करने वाला भी होता है। लेकिन जहाँ अदृष्ट अत्यन्त प्रबल होता है और पुरुषार्थ न्यून रूप में किया जाता है, वहाँ अदृष्ट की अपेक्षा पुरुषार्थ मन्द पड़ जाने के कारण अदृष्टजन्य फलाफल अवश्य भोगने पड़ते हैं। अतएव यह निश्चित है कि यह शास्त्र केवल आगामी शुभाशुभों की सूचना देनेवाला है; क्यों कि ग्रहों की गति के कारण उनकी विषमय एवं अमृतमय रश्मियों की सूचना मिल जाती है। इस सूचना का यदि सदुपयोग किया जाय तो फिर ग्रहों के फल का परिवर्तन करना कैसे असम्भव माना जा सकेगा ? इसलिए यह ध्रुव सत्य है कि ज्यौतिष सूचक शास्त्र है विधायक नहीं—लौकिक दृष्टि से इस शास्त्र का सबसे बड़ा यही रहस्य है।

ज्यौतिष का मर्म—भारतीय ज्यौतिष के रहस्य को यदि एक शब्द में व्यक्त किया जाय तो यही कहा जायेगा कि चिरन्तन और जीवन से सम्बद्ध सत्य का विश्ले-

षण करना ही इस शास्त्र का आभ्यान्तरिक मर्म है। संसार के समस्त शास्त्र जगत् के एक-एक अंश का निरूपण करते हैं, पर ज्यौतिष आन्तरिक एवं बाह्य जगत् से सम्बद्ध समस्त ज्ञेयों का प्रतिपादन करता है। इसका सत्य दर्शन के समान जीव और ईश्वर से ही सम्बद्ध नहीं है, किन्तु उससे आगे का भाग है। दार्शनिकों ने निरंश परमाणु को मानकर अपनी चर्चा का वहीं अन्त कर दिया, पर ज्योतिर्विदों ने इस निरंश को भी गणित द्वारा सांश सिद्ध कर अपनी सूक्ष्मता का परिचय दिया है। कमलाकर भट्ट ने दार्शनिकों द्वारा अभिमत निरंश परमाणु पद्धति का जोरदार खण्डन कर सत्य को कल्पना से परे की वस्तु बतलाया है। यद्यपि ज्यौतिष का सत्य जीवन और जगत् से सम्बद्ध है, किन्तु अतीन्द्रिय है।

इन्द्रियों द्वारा होनेवाला ज्ञान अपूर्ण होने के कारण कदाचित् ज्ञानान्तर से बाधित हो सकता है। कारण स्पष्ट है कि इन्द्रियज्ञान अव्यवहित ज्ञान नहीं है, इसी से इन्द्रियानुभूति में भेद का होना सम्भव है। ज्यौतिष का ज्ञान आगम ज्ञान होते हुए भी अतीन्द्रिय ज्ञान के तुल्य सत्य के निकट पहुँचानेवाला है। इसके द्वारा मन की विविध प्रवृत्तियों का विश्लेषण जीवन की अनेक समस्याओं के समाधान को करना है। चित्तविश्लेषण शास्त्र फलित ज्यौतिष का एक भेद है। फलितांग जहां अनेक जीवन के तत्त्वों की व्याख्या करता है, वहाँ मानसिक वृत्तियों का विश्लेषण भी। यद्यपि यह विश्लेषण साहित्य और मनोविज्ञान के विश्लेषण से भिन्न होता है, पर इसके द्वारा मानव जीवन के अनेक रहस्यों एवं भेद को अवगत किया जा सकता है।

ज्यौतिष की महत्ता—मानव के समक्ष जहां दर्शन नैराश्यवाद की धूमिल रेखा अंकित करता है, वहां ज्यौतिष कर्तव्य के क्षेत्र में लाकर उपस्थित करता है। भविष्य को अवगत कर अपने कर्तव्यों द्वारा उसे अपने अनुकूल बनाने के लिए ज्यौतिष प्रेरणा करता है। यही प्रेरणा प्राणियों के लिए दुःखविघातक और पुरुषार्थसाधक होती है।

ज्यौतिष का चरम लक्ष्य—पारमार्थिक दृष्टि से परिशीलन करने पर भारतीय ज्योतिष का रहस्य परम ब्रह्म को प्राप्त करना है। यद्यपि ज्यौतिष तर्कशास्त्र है, इसका प्रत्येक सिद्धान्त सहेतुक बताया गया है; पर तो भी इसकी नींव पर विचार करने से ज्ञात होता है कि इसकी समस्त क्रियाएँ बिन्दु-शून्य के आधार पर चलती हैं, जो कि निर्गुण, निराकार ब्रह्म का प्रतीक है। बिन्दु दैर्घ्य और विस्तार से रहित अस्तित्ववाला माना गया है। यद्यपि परिभाषा की दृष्टि से स्थूल है, पर वास्तव में वह अत्यन्त सूक्ष्म, कल्पनातीत, निराकार वस्तु है! केवल व्यवहार चलाने के लिए हम उसे कागज या स्लेट पर अंकित कर लेते हैं। आगे चलकर यही बिन्दु गतिशील

होता हुआ रेखा-रूप में परिवर्तित होता है अर्थात् जिस प्रकार ब्रह्म से 'एकोऽहं बहु स्याम' कामना रूप उपाधि के कारण माया का आविर्भाव हुआ है, उसी प्रकार बिन्दु से एक गुण—दैर्ध्यवाली रेखा उत्पन्न हुई है। अभिप्राय यह है कि भारतीय ज्योतिष में बिन्दु ब्रह्म का प्रतीक और रेखा माया का प्रतीक है। इन दोनों के संयोग से ही क्षेत्रात्मक, बीजात्मक एवं अंकात्मक गणित का निर्माण हुआ है। भारतीय ज्यौतिष का प्राण यही गणितशास्त्र है।

रेखागणित और बीजगणित की क्रियाओं का दार्शनिक दृष्टि से विश्लेषण—बीजगणित के समीकरण सिद्धान्त में अलीकमिश्रण की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि अध्यारोप और अपवाद विधि से ब्रह्म के स्वरूप को—अध्यारोप निष्प्रपंच ब्रह्म में जगत् का आरोप कर देना है और अपवाद विधि से आरोपित वस्तु का पृथक्-पृथक् निराकरण करना होता है, इसी से उसके स्वरूप को ज्ञात कर सकते हैं। तात्पर्य यह है कि प्रथमतः आत्मा के ऊपर शरीर का आरोप कर दिया जाता है, पश्चात् साधना द्वारा आत्मा को अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय—इन पंचकोशों एवं स्थूल और सूक्ष्म कारण शरीर से पृथक् कर उस आत्मा का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। उदाहरण—क^{2} + २क = ३५, यहाँ अज्ञात राशि का मूल्य निकालने के लिए दोनों में और कुछ जोड़ दिया जाय तो अज्ञात राशि का मूल्य ज्ञात हो जायेगा। अतएव यहाँ एक संख्या जोड़ दी तो—क^{2} + २क + १ = ३५ + १ = (क + १)^{2} = (६)^{2} ∴ क + १ = ६ ∴ (क + १) = १ = ६ − १ ∴ क = ५; इस उदाहरण में पहले जो एक जोड़ा गया था, अन्त में उसी को निकाल दिया। इसी प्रकार जिस शरीर का आत्मा के ऊपर आरोप किया था, अपवाद द्वारा उसी शरीर को पृथक् कर दिया जाता है। इसी प्रकार दर्शन के प्रकाश में बीजगणित के सारे सिद्धान्त आध्यात्मिक दिखलाई पड़ेंगे।

रेखागणित की प्रथम प्रतिज्ञा का विश्लेषण करते हुए विद्वान् कहते हैं कि यहां दो वृत्तों का पारस्परिक सम्बन्ध असीम, अनादि, अनन्त पुरुष और प्रकृति के अभेद्य सम्बन्ध का द्योतक है। लेकिन यहां अभेद्य सम्बन्ध ऐसा है जिससे इनका पृथक् होना भी सिद्ध है। इनके बीच रहनेवाला त्रिभुज मन, इन्द्रिय और शरीर का अथवा सत्त्व रजस् और तमोगुण से विशिष्ट प्राणी का प्रतीक है।

ज्यौतिषशास्त्र में प्रधान ग्रह सूर्य और चन्द्र माने गये हैं। सूर्य को पुरुष और चन्द्रमा को स्त्री अर्थात् इन दोनों ग्रहों को पुरुष और प्रकृति के रूप में माना है। पांच तत्त्व रूप भौम, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि बताये गये हैं। इन प्रकृति, पुरुष और तत्त्वों के सम्बन्ध से ही सारा ज्योतिश्चक्र भ्रमण करता है। अतएव संक्षेप में ही कहा जा सकता है कि पारमार्थिक दृष्टि से भारतीय ज्यौतिषशास्त्र अध्यात्मशास्त्र है।

ज्यौतिष की उपयोगिता

मनुष्य के समस्त कार्य ज्यौतिष के द्वारा ही चलते हैं। व्यवहार के लिए अत्यन्त उपयोगी दिन, सप्ताह, पक्ष, मास, अयन, ऋतु वर्ष एवं उत्सवतिथि आदि का परिज्ञान इसी शास्त्र से होता है। यदि मानव-समाज को इसका ज्ञान न हो तो धार्मिक उत्सव, सामाजिक त्यौहार, महापुरुषों के जन्मदिन, अपनी प्राचीन-गौरव-गाथा का इतिहास प्रभृति किसी भी बात का ठीक-ठीक पता न लग सकेगा और न कोई उचित कृत्य ही यथासमय सम्पन्न किया जा सकेगा। शिक्षित या सभ्य समाज की तो बात ही क्या, भारतीय अपढ़ कृषक भी व्यवहारोपयोगी ज्यौतिष ज्ञान से परिचित है; वह भलीभाँति जानता है कि किस नक्षत्र में वर्षा अच्छी होती है, अतः कब बोना चाहिए जिससे फसल अच्छी हो। यदि कृषक ज्यौतिषशास्त्र के उपयोगी तत्त्वों को न जानता तो उसका अधिकांश श्रम निष्फल जाता।

कृषि—कुछ लोग यह तर्क उपस्थित कर सकते हैं कि आज के वैज्ञानिक युग में कृषिशास्त्र के मर्मज्ञ असमय में ही आवश्यकतानुसार वर्षा का आयोजन या निवारण कर कृषि कर्म को सम्पन्न कर लेते हैं; इस दशा में कृषक के लिए ज्यौतिष ज्ञान की आवश्यकता नहीं। पर उन्हें यह भूलना न चाहिए कि आज का विज्ञान भी प्राचीन ज्यौतिष का एक लघु शिष्य है। ज्यौतिषशास्त्र के तत्त्वों से पूर्णतया परिचित हुए बिना विज्ञान भी असमय में वर्षा का आयोजन और निवारण नहीं कर सकता। वास्तविक बात यह है कि चन्द्रमा जिस समय जलचर राशि और जलचर नक्षत्रों पर रहता है, उसी समय वर्षा होती है। वैज्ञानिक प्रकृति के रहस्य को ज्ञात कर जब चन्द्रमा जलचर नक्षत्रों का भोग करता है, वृष्टि का आयोजन कर लेता है। वराही-संहिता में भी कुछ ऐसे सिद्धान्त आये हैं जिनके द्वारा जलचर चान्द्र नक्षत्रों के दिनों में वर्षा का आयोजन किया जा सकता है। प्राचीन मन्त्रशास्त्र में जो वृष्टि के आयोजन और निवारण की प्रक्रिया बतायी गयी है, उसमें जलचर नक्षत्रों को आलोडित करने का विधान है। सारांश यह है कि वैज्ञानिक जलचर चन्द्रमा के तत्त्वों को प्राप्त कर जलचर नक्षत्रों के दिनों में उन तत्त्वों का संयोजन कर असमय में वृष्टि कार्य को कर लेता है। इसी प्रकार वृष्टि का निवारण जलचर चन्द्रमा के जलीय परमाणुओं के विघटन द्वारा उत्पन्न किया जा सकता है। प्राचीन ज्यौतिष के अनन्यतम अंग संहिताशास्त्र में इस प्रकार चर्चाएँ भी आयी हैं। भद्रबाहु-संहिता के शुक्रचार अध्याय से शुक्र की गति अध्ययन द्वारा वृष्टि का निराकरण किया गया है। अतएव वह मानना पड़ेगा कि ज्यौतिष तत्त्वों को जानकारी के विना कृषिकर्म सम्यक्तया सम्पन्न करना सम्भव नहीं।

भूगोलज्ञान—जहाज के कप्तान को ज्यौतिष की नित्य बड़ी आवश्यकता होती है; क्योंकि वे ज्यौतिष के द्वारा ही समुद्र में जहाज की स्थिति का पता लगाते हैं।

घड़ी के अभाव में सूर्य, चन्द्र, नक्षत्रों के पिण्डों को देखकर सरलता से समय का ज्ञान हो सकता है। ज्योतिष-ज्ञान के अभाव में लम्बी यात्रा पूर्ण करना निरापद नहीं; क्योंकि ज्योतिष-ज्ञान के द्वारा ही नये देशों और रेगिस्तानों में रास्ता निकाला जा सकता है तथा अक्षांश और देशान्तर के द्वारा उस स्थान की स्थिति और उसकी दिशा आदि का निर्णय किया जाता है। जहाँ सीमा पैमायश द्वारा निश्चित नहीं की जा सकती है, वहाँ ज्योतिष के द्वारा प्रतिपादित अक्षांश और देशान्तर के आधार पर सीमाएँ निश्चित की गयी हैं। भूगोल का अध्ययन तो इस शास्त्र के ज्ञान के बिना अधूरा ही समझा जायेगा।

अन्वेषण कार्य को सम्पन्न करना भी ज्योतिष ज्ञान के विना सम्भव नहीं। आज तक जितने भी नवीन अन्वेषक हुए हैं वे या तो स्वयं ज्यौतिषी होते थे अथवा अपने साथ किसी ज्योतिषी को रखते थे। एक बार एक विद्वान् ने कहा था कि ग्रहनक्षत्रों के ज्ञान के विना नवीन देश ता पता लगाना सम्भव नहीं। जहां आधुनिक वैज्ञानिक यन्त्र कार्य नहीं करते, अधिक गरमी या सर्दी के कारण उनकी शक्ति क्षीण हो जाती है, वहां चन्द्र सूर्यादि ग्रह नक्षत्रों के ज्ञान द्वारा दिक्, देश का बोध सरलतापूर्वक किया जा सकता है।

किसी उच्चतम पहाड़ की ऊँचाई और अति गम्भीर नदी की गहराई का ज्ञान ज्यौतिषशास्त्र के द्वारा किया जा सकता है। शायद यहाँ यह शंका की जाय कि पहाड़ की ऊँचाई और नदी की गहराई का ज्ञान रेखागणित के द्वारा किया जाता है, ज्यौतिष के द्वारा नहीं; पर गम्भीरता से विचार करने पर मालूम हो जायगा कि रेखागणित ज्यौतिष का अभिन्न अंग है। प्राचीन ज्योतिर्विदों ने रेखागणित के मुख्य सिद्धान्तों का निरूपण ईसवी सन् ५वीं और ६ठी शताब्दी में ही कर दिया है।

इतिहास को भी ज्यौतिष ने बड़ी सहायता पहुँचायी है। जिन बातों की तिथि का पता अन्य साधनों के द्वारा नहीं लग सकता है, ज्यौतिष के द्वारा सहज में ही लगाया जा सकता है। यदि ज्यौतिषशास्त्र का ज्ञान नहीं होता तो वेद की प्राचीनता कदापि सिद्ध नहीं की जा सकती थी। श्रद्धेय लोकमान्य तिलक ने वेदों में प्रतिपादित नक्षत्र, अयन और ऋतु आदि के आधार पर ही वेदों का समय निर्धारित किया है। सूर्य और चन्द्र ग्रहणों के आधार पर अनेक प्राचीन ऐतिहासिक तिथियां क्रमबद्ध की जा सकती है।

भूगर्भ के साथ विभिन्न वस्तुओं का काल ज्यौतिषशास्त्र के द्वारा जितनी सरलता और प्रामाणिकता के साथ निश्चित किया जा सकता है उतना अन्य शास्त्रों द्वारा नहीं। एक बार श्री गौरीशंकर हीराचन्द्र ओझा ने बताया था कि पुरातत्त्व की वस्तुओं के यथार्थ समय को जानने के लिए ज्यौतिष ज्ञान की आवश्यकता है।

सृष्टि के रहस्य का पता भी ज्यौतिष से ही लगता है। प्राचीन काल से ही भारतवर्ष में सृष्टि के रहस्य की छानबीन करने के लिए ज्यौतिषशास्त्र का उपयोग किया जा रहा है। इसी कारण सिद्धान्त ज्यौतिष के ग्रन्थों में सृष्टि का विवेचन अवश्य रहता है। प्रकृति के अणु-अणु का रहस्य ज्यौतिष में बताया गया है जिससे प्रत्येक व्यक्ति सृष्टि के रहस्य को ज्ञात कर अपने कार्यों का सम्पादन कर सकता है। जड़-चेतन सभी पदार्थों की आयु, आकार-प्रकार, उपयोगिता एवं उनके भेद-प्रभेद का जितना सुन्दर विज्ञानसम्मत कथन इस शास्त्र में है उतना अन्य में नहीं।

आयुर्वेद तो ज्यौतिष का चचेरा भाई है। ज्यौतिषज्ञान के बिना औषधियों का निर्माण यथासमय सम्पन्न नहीं किया जा सकता। कारण स्पष्ट है कि ग्रहों के तत्त्व और स्वभाव को ज्ञात कर उन्हीं के अनुसार उसी तत्त्व और स्वभाववाली दवा का निर्माण करने से वह औषधि विशेष गुणकारी होती है। जो भिषक् इस शास्त्र के ज्ञान से अपरिचित रहते हैं वे सुन्दर और अपूर्व गुणकारी औषधियों का निर्माण नहीं कर सकते।

एक अन्य बात यह है कि इस शास्त्र के ज्ञान द्वारा रोगी की चर्या और चेष्टा को अवगत कर बहुत कुछ अंशों में रोग की मर्यादा जानी जा सकती है। संवेगरंगशाला नामक ज्योतिष-ग्रन्थ में रोगी की रोग-मर्यादा जानने के अनेक नियम आये हैं। अतएव जो चिकित्सक आवश्यक ज्यौतिष तत्त्वों को जानकर चिकित्सा कर्म को सम्पन्न करता है, वह अपने इस कार्य में अधिक सफल होता है।

साधारण व्यक्ति भी इस शास्त्र के सम्यक् ज्ञान से अनेक रोगों से बच सकते हैं; क्योंकि अधिकांश रोग सूर्य और चन्द्रमा के विशेष प्रभावों से उत्पन्न होते हैं। फायलेरिया रोग चन्द्रमा के प्रभाव के कारण ही एकादशी और अमावस्या तथा पूर्णिमा को बढ़ता है। ज्योतिर्विदों का अनुमान है कि जिस प्रकार चन्द्रमा समुद्र के जल में उथल-पुथल मचा डालता है, उसी प्रकार शरीर के रुधिर-प्रवाह में भी अपना प्रभाव डालकर निर्बल मनुष्यों को रोगी बना डालता है। अतएव ज्यौतिष द्वारा चन्द्रमा के तत्त्वों को अवगत कर एकादशी अमावस्या और पूर्णिमा को वैसे तत्त्वोंवाले पदार्थों के सेवन से बचने पर फायलेरिया रोग छुट जाता है तथा निर्बल मनुष्य रोगों के आक्रमण से अपनी रक्षा कर सकता है।

सबसे बड़ी उपयोगिता इस शास्त्र की यही है कि यह समस्त मानव-जीवन के प्रत्यक्ष और परोक्ष रहस्यों का विवेचन करता है और प्रतीकों द्वारा समस्त जीवन को प्रत्यक्ष रूप में उस प्रकार प्रकट करता है जिस प्रकार दीपक अन्धकार में रखी हुई

वस्तु को दिखलाता है। मानव का व्यावहारिक कोई भी कार्य इस शास्त्र के ज्ञान बिना नहीं चल सकता।

भारतीय ज्यौतिष का कालवर्गीकरण

किसी भी शास्त्र या विज्ञान का सम्यक् अध्ययन करने के लिए उसका इतिहास जानना आवश्यक होता है; क्योंकि उससे शास्त्र के इतिहास द्वारा तद्विषयक रहस्य समझ में आ जाता है। ज्यौतिषशास्त्र सृष्टि और प्रकृति के रहस्य को व्यक्त करने वाला है। मनुष्य प्रकृति की पाठशाला में सदा से इस शास्त्र का अध्ययन करता चला आ रहा है, अतः इस शास्त्र के उद्भव स्थान और काल का निश्चित रूप से पता लगाना कुछ दुःखद कार्य है। चाहे अन्य ज्ञानों की निर्झरिणी के आदिस्रोत का पता लगाना सम्भव हो, पर प्रकृति के अनन्यतम अंग इस शास्त्र का आदि-अन्त ढूँढना मानव शक्ति से परे की बात है। अथवा दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि जिस दिन से मानव ने होश सँभाला उसी दिन से उसने ज्यौतिष के आवश्यक तत्त्वों का अध्ययन प्रारम्भ कर दिया। भले ही प्रारम्भ में वह इन तत्त्वों को अभिव्यक्त करने की योग्यता के अभाव में दूसरों को न बता सका हो, पर उसका जीवन-निर्वाह इन तत्त्वों के बिना हो नहीं सकता था; फलतः मानव जीवन के विकास के साथ-साथ ज्यौतिष का भी विकास हुआ।

कालवर्गीकरण की दृष्टि से इस शास्त्र के इतिहास को निम्न युगों में विभक्त किया जा सकता है :

अन्धकारकाल—ई० पू० १०००० वर्ष के पहले का समय

उदयकाल—ई० पू० १०००१—ई० पू० ५०० तक

आदिकाल—ई० पू० ५०१—ई० ५०० तक

पूर्वमध्यकाल—ई० ५०१—ई० १००० तक

उत्तरमध्यकाल—ई० १००१—ई० १६०० तक

आधुनिक या अर्वाचीनकाल—ई० १६०१—ई० अब तक

उपर्युक्त कालों का वर्गीकरण ज्यौतिषशास्त्र के विकास के आधार पर किया गया है।

प्रथम भाग

(प्राक् सिद्धान्तकाल)

(क) वैदिक ज्योतिष (६००० ई० पू० २५०० ई० पू०)

(विश्वोत्पत्ति, पृथ्वी का गोलत्व, कल्प,
युग, वर्ष, सायन, चान्द्र, सौर मास,
अयन, ऋतु, मासों के चैत्रादिमास,
पूर्णिमान्त, अमान्त, दिवस तिथि,
चन्द्र, सूर्य, गति, वार, दिनमान,
मुहूर्त, नक्षत्र, ग्रह, उल्का, शुभकाल,
वर्षारम्भ।)

(ख) वेदाङ्ग ज्यौतिष (३००० ई० पू० १००० ई० पू०)

[अ]

१. ऋग् ज्योतिष, २. यजुर्वेद ज्योतिष, ३. अथर्ववेद ज्योतिष, ४. कल्पसूत्र, ५. निरुक्त, ६. पाणिनीय व्याकरण (संवत्सर, अयन, ग्रह चार, घटी, पल, मुहूर्त, ऋतु, पक्ष, नक्षत्रगणना, संवत्सराधिप, सूर्यनक्षत्रगणना, मेषादि राशियाँ, काल के त्रुट्यादि सूक्ष्म-विभाग, अधिमास, क्षयमास, लग्न, बलदिन, शंकु, छायागणित, अंकगणित तथा कुण्डोपयोगी-रेखागणित)।

[ब]

१. स्मृतिशास्त्र २. रामायण ३. महाभारत
(युगादि व्यवस्था, चार क्रान्तिवृत्त के १२ भाग,
योग, नक्षत्र, ग्रहण, ग्रह वक्रगति, ग्रहयुति, ग्रहयुद्ध,
विविधयोग, फलित-ज्योतिष)

द्वितीयभाग

सिद्धान्त-काल ई० पू० १००० से ई० पू० ५०० तक

(ज्यौतिष सिद्धान्तों का विधिवत् सर्वाङ्गीण विवेचन)

(क) गणितस्कन्ध

शुद्धगणित

अङ्कगणित, बीजगणित, रेखागणित, ज्योत्पत्ति रूपेण त्रिकोणमिति, सिद्धान्त ग्रन्थों के तत्सम्बन्धी अध्याय, लीलावती, वीजगणित जो निम्न आचार्यों के प्रसिद्ध हैं—ब्रह्मगुप्त, पद्मनाभ, श्रीधर, भास्कर।

ग्रहगणित

सिद्धान्त ज्योतिष, करण गणित (ज्योतिष के मूल-सिद्धान्तों की गणितीय उपपत्तियाँ।)

प्रसिद्ध ग्रन्थः—

१. पितामह सिद्धान्त ई०पू० १००० लगभग
२. वसिष्ठ सिद्धान्त ई० पू० ५०० लगभग

३. रोमक सिद्धान्त ई० पू० १५० लगभग
४. पुलिशि सिद्धान्त (अनुपलब्ध)
५. सूर्य सिद्धान्त (४२० शक पू०)
६. आर्यभटी (४२० शक)
७. सिद्धान्त पंचशिका (४२७ शक)
८. ब्रह्मस्फुटसिद्धान्त (५२० शक)
९. श्रीवृद्धिद तन्त्र (५६० शक)
१०. सिद्धान्त शेखर (६१ शक)
११. सिद्धान्त शिरोमणि (१०३६ शक)
१२. सिद्धान्ततत्त्वविवेक।

संहिता

(राष्ट्र विषयक शुभाशुभ फल)

प्रसिद्धग्रन्थ—

१. वाराही संहिता (४२७ शक),
२. गर्ग संहिता,
३. पराशर संहिता,
४. बृहद् गर्ग संहिता,
५. वसिष्ठ संहिता,
६. वृहस्पति संहिता
७. सारस्वत संहिता

(टीका ग्रन्थों में इनके उद्धरण हैं। मूल पुस्तकें अनुपलब्ध हैं)

मुहूर्त

(संस्कार तथा यात्रादि मुहूर्त)

प्रसिद्ध ग्रन्थ—

१. रत्नकोष ५६० शक,
२. रत्नमाला ६६१ शक,
३. राजमार्तण्ड ६६४ शक,
४. अद्भुत-सार १०९० शक,
५. व्यवहारप्रदीप ६६४ शक,
६. ज्योतिर्विद्याभरण ११६४ शक,
७. विवाहवृन्दावन ११८२ शक,
८. विवाह पटल १४०० शक,
९. मुहूर्ततत्त्वम् १४२० शक,
१०. ज्योतिर्निबन्ध १४४० शक,
११. ज्योतिष-दर्पण १४६९ शक,
१२. मुहूर्त मार्तण्ड १४९३ शक,
१३. तोडरानन्द १५०६ शक,
१४. मुहूर्तचिन्तामणि १५२२ शक,
१५. मुहूर्तमाला १५८२ शक।

(ख) होरा स्कन्ध

(जन्म लग्न से मनुष्य का शुभाशुभ)

प्रसिद्ध ग्रन्थः

१. जैमिनि सूत्र (आर्ष)
२. पाराशरी (आर्ष),

ताजिक

(वर्षलग्न से मनुष्य का शुभाशुभ)

प्रसिद्ध ग्रन्थः

१. ताजिक भूषण पद्धति १४८० शक,
२. ताजिक पद्धति,

३. भृगुसंहिता (आर्ष),
४. बृहज्जातक ४२७ शक,
५. जातक पद्धति ११८५ शक,
६. जातका भरण १४६० शक,
७. जातक पद्धति १४८० शक,
८. होरा स्कंध निरूपण १४९० शक,
६. जातकालंकार १५३५ शक,
१०. पद्मजातक १५४९ शक,
११. होरापटल १५९६ शक,
१२. होरा कौस्तुभ १६०० शक,
१३, नर जातक व्याख्या १६६० शक ।

३. ताजिक सार १४४५ शक,
४. ताजिक नीलकण्ठी १५०७ शक ।

गणित का महत्त्व-ज्योतिः शास्त्रफलं, पुराणगणकैरादेश इत्युच्यते,
नूनं लग्न बलाश्रितः पुनरयं तत् स्पष्ट खेटाश्रयम् ।
ते गोलाश्रयिणोऽन्तरेण गणितं गोलोऽपि न ज्ञायते,
तस्माद् यो गणितं न वेत्ति स कथं गोलादिकं ज्ञास्यति ॥
---सिद्धान्तशिरोमणि गोलाध्याय)

पुराने ज्योतिषियों ने कहा है कि ज्यौतिष के ज्ञान से भूत, वर्तमान तथा भविष्यत् फल को कहा जा सकता है, किन्तु उसके लिए लग्नबल जानने की आवश्यकता है। लग्न की स्थिति स्पष्ट ग्रहों से ज्ञात होती है। गोल (खगोल-विज्ञान) के ज्ञान से ही स्पष्ट ग्रहों का ज्ञान हो सकता है। बिना गणित के गोल का ज्ञान नहीं हो सकता। जो गणित नहीं जानता वह गोलादिक का कैसे ज्ञान प्राप्त कर सकता है!

पृथ्वी की दैनंदिन गति-

अनुलोमगतिर्नौस्थः पश्यत्यचलं विलोमगं यद्वत् ।
अचलानि भानि तद्वत् समपश्चिमगतीनि लङ्कायाम् ॥
—(आर्यभटी गोलपाद)

जिस प्रकार नाव में बैठे हमों (अनुलोमगति) पुरुष को स्थिर वस्तुयें विलोमगति से जाती प्रतीत हैं, उसी प्रकार (जल पृथ्वी स्थिति) द्रष्टा को अचल नक्षत्र भी समगति से श्रीलंका (निरक्ष देश) के पश्चिम की ओर प्रतीत होते हैं।

गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त

आकृष्टिशक्तिश्च मही तया यत् स्वस्थं गुरु स्वाभिमुखं स्वशक्त्या ।
आकृष्यते तत् पततीव भाति समे समन्तात् क्व पतत्वियं खे ॥ ६ ॥

पृथ्वी में आकर्षण की शक्ति है उससे वह आकाश की ओर ऊपर फेंकी हुई भारी वस्तुओं को अपनी ओर आकृष्ट कर लेती है और हमें प्रतीत होता है कि वह वस्तु नीचे गिर रही है…… ।

अङ्ग विद्या का

विषयक्रम

१. राजयोगसङ्गतिक सामुद्रिक अध्याय

राजयोग के लक्षण एवं स्थान	३	चूचुक	३९
अशुभचिह्न	१०	हृदय	४०
किन का विवाह सुखद होता है	१०	वक्ष	४१
व्यास वचन के अनुसार		जत्रु (हँसुली)	४२
नारी के विशेष लक्षण	११	ग्रीवा, पृष्ठ	४२
प्रशस्त कन्याएँ	१४	कक्षा (काँख)	४४
सन्तान-रेखा	१५	अंस (स्कन्ध)	४५
मैत्रीसूचक रेखा विचार पद्धति	१५	बाहु (भुजा)	४६
निर्धनों की हस्तरेखा	१६	हस्त	४७
शुभ रेखाएँ	१६	मणिबन्ध	४८
हाथ की रचना देखकर		चिबुक (ठोडी), अधर, दाँत	५२
फलादेश विधि	१६	जिह्वा, तालु	५४
अग्राह्य नारी के लक्षण	१७	आस्य	५६
ऊँचाई की दृष्टि से पुरुष लक्षण	१७	मुख (चेहरा)	५७
स्वर के शुभ लक्षण	१७	श्मश्रु (दाढ़ी, मूँछ)	५८
स्वर के अशुभ लक्षण	१७	कर्ण	५९
जङ्घा, ऊरु, जानु	२२	गण्डस्थल (कपोल)	६१
जङ्घाओं पर बाल	२२	नासिका	६१
लिङ्ग	२४	क्षुत (छींक)	६३
वृषण	२६	लोचन (नेत्र)	६३
शिश्नमणि एवं मूत्र	२७	नेत्र-स्पन्दन (आँखों का फड़कना)	६६
स्फिग् (नितम्ब)	३२	भ्रू (भौंह)	६७
कटि एवं उदर	३३	शङ्ख एवं ललाट	६८
पार्श्व, कुक्षि एवं उदर	३४	रुदित (रोना)	७०
नाभि	३५	हसित (हँसना)	७१
१. शाठ्य लक्षण	३६	ललाट-रेखा	७२
२. मेधा लक्षण	३६	शिर	७४
वलि (उदर रेखा)	३८	केश	७५
पार्श्व	३९	उपसंहार	७७

पद्मपुराणान्तर्गत काशीखण्ड में निरूपित

२. स्त्रियों के अङ्गों का फलादेश

स्त्रीलक्षणभूमिका	८१	२८. कक्ष (काँख)	१००
स्त्रियों के शुभाङ्गों की संख्या	८३	२९. भुजा	१०१
स्त्रियों के अङ्गों के लक्षण	८३	३०. हस्त	१०१
१. पादतल	८३	३१. हस्ततल	१०१
२. पादांगुष्ठ	८५	३२. हस्तरेखा	१०२
३. पादांगुलि	८७	३३. हस्तांगुष्ठ	१०५
४. पादनख	८७	३४. अंगुलि	१०५
५. पादपृष्ठ	८७	३५. नख	१०६
६. गुल्फ	८७	३६. पृष्ठ (पीठ)	१०६
७. पार्ष्णि (एड़ी)	८७	३७. कृकाटिका	१०७
८. जङ्घा	८९	३८. कण्ठ	१०७
९. रोमकूप	८९	३९. चिबुक	१०८
१०. जानु	८९	४०. हनु	१०८
११. ऊरू	९०	४१. कपोल	१०९
१२. कटि	९०	४२. मुख	१०९
१३. नितम्ब	९१	४३. ओष्ठ	१०९
१४. स्फिक्	९१	४४. अधरोष्ठ	११०
१५. योनि	९१	४५. दाँत	११०
१६. जघन	९३	४६. जिह्वा	१११
१७. वस्ति	९४	४७. तालु	११२
१८. नाभि	९४	४८. घाँटी	११२
१९. कुक्षि	९४	४९. स्मित (मन्दहास्य)	११३
२०. वलि	९५	५०. नासिका	११३
२१. पार्श्व	९५	५१. छिक्का	११४
२२. रोमावलि	९५	५२. नेत्र	११४
२३. हृदय	९७	५३. पक्ष्म	११५
२४. कुच (स्तन)	९८	५४. भ्रू (भौं)	११६
२५. चूचुक	९८	५५. कर्ण	११६
२६. जत्रु	९९	५६. भाल (ललाट)	११७
२७. स्कन्ध	१००	५७. सीमन्त	११७

५८. शिर ११८
५९. केश ११८
६०. ललाटगत त्रिशूल १२०
६१. निद्रा में दाँत किटकिटाना १२१
६२. हाथों का दक्षिणावर्त होना १२१
६३. भग पर शकटभङ्ग चिह्न १२२
६४. कटि, पर रोम १२२
६५. भग, उदर पर रोम १२२
उपसंहार १२४-१२६

शिवपुराणान्तर्गत गणेश विवाह प्रस्ताव में

३. कन्यालक्षण

कन्या के चौदह दोष १२९
उन दोषों के जानने का उपाय १३०
दश पितृदोष १३३

आचार्य केशवदैवज्ञ विरचित

मुहूर्ततत्त्व ग्रन्थ से उद्धृत

४. स्त्री-पुरुष के लक्षण

वधू के लक्षण १३७
कन्या के अतिदुष्ट लक्षण १४०
वर के लक्षण १४१
पुरुष के ३२ शुभ लक्षण १४३
अरिष्ट लक्षण एवं उनके नाश का उपाय १४४

ग्रन्थ का परिशिष्ट अंश

अंगों पर छिपकली का गिरना १४९
अंगों पर गिरगिट का चढ़ना १४९
अङ्गों का फड़कना १५०
अशुभ निवारण १५०

अंगविद्या

(संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेता)

मंगलाचरणम्

नगजाङ्गसमुद्भूतं गजाननमहर्निशम् ।
सिद्धिबुद्धिप्रदं देवं वन्दे विघ्नहरं परम् ॥ १ ॥
सर्वशास्त्रार्थतत्त्वज्ञां वीणापाणिं सरस्वतीम् ।
नमामि वरदां देवीमज्ञानध्वान्तशान्तये ॥ २ ॥
ईशानं सर्वविद्यानामीश्वरं सर्वप्राणिनाम् ।
विश्वेशं कलये स्वान्त-निलयेऽभीष्टदायकम् ॥ ३ ॥

टीकाकर्तुः वंशपरिचयः

देवार्य(देवरिया)मण्डले रम्ये सरय्वाश्चोत्तरे तटे।
पिण्डीग्रामो द्विजेन्द्राणां शाण्डिल्यान्वयजन्मनाम् । १ ॥
वासभूमिः, कलेर्भीतो धर्मो यत्र विराजते ।
वेदं शास्त्रं च संगृह्य संस्कृतिः सुप्रतिष्ठिता ॥ २ ॥
गोमतीसलिले पूते सेविते विप्रमण्डले ।
ग्रामे 'वसिरहा' नाम्नि जौनपूरप्रमण्डले ॥ ३ ॥
तस्मिन् 'वसिरहा' ग्रामे आगताः पूर्वजा इमे ।
तत्राभूत् सर्वशास्त्रेषु निष्णातः पण्डिताग्रणीः ॥ ४ ॥
श्यामाचरणदैवज्ञो मर्मज्ञः सर्वकर्मणाम् ।
बुधः काशीं समागत्य नवीनां वसतीं शुभाम् ॥ ५ ॥
निर्माय वासमकरोद् विद्वत्प्रीतिविवर्धनः ।
ज्योतिःशास्त्राब्जमार्तण्डो दिष्टज्ञो विष्टपे श्रुतः ॥ ६ ॥
अयोध्यानाथशर्माऽभूत् तत्सूनुः सम्मतः सताम् ।
"महामहोपाध्याये"ति पदवीं यस्तु लब्धवान् ॥ ७ ॥
तत्सुतो रघुनाथोऽभूत् दैवज्ञानां शिरोमणिः ।
तत्पुत्रोऽमरनाथोऽभूत् ज्योतिःशास्त्रविशारदः ॥ ८ ॥
तस्माज्जातास्त्रयः पुत्रास्तेष्वहं मध्यमः सुतः ।
आचार्यः फलिते ज्योतिःशास्त्रे, विद्वदुपासकः ॥ ९ ॥
एतान् स्वपूर्वजान् नत्वा ध्यात्वा गुरुपदाम्बुजे ।
शशीन्दुटीकां तन्वेऽहमिन्दुनाथः सतां मुदे ॥ १० ॥
सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालये शुभे ।
ज्योतिःशास्त्रविभागीयोपाचार्यः फलिते पटुः ॥ ११ ॥

●

दैवज्ञशिरोमणिः पण्डितरघुनाथशर्मा, ज्यौ० आ०

वाराणसेया विद्वांसो दैवज्ञा यस्य शिष्यताम् ।
सम्प्राप्य कृतिनो जाताः सोऽयमस्मत्पितामहः ॥
रघुनाथशर्मा, तत्पादयुग्मे कृतिमिमामहम् ।
वाक्सरोजस्रजं स्नेहादिन्दुनाथः समर्पये ।

इस ग्रन्थ के सम्पादक

डॉ० इन्दुनाथशर्मा, विद्यावारिधि



विदित वंश अवधेश को, सुत सपूत रघुनाथ।
तिन के सुत श्रीअमरपति, उन के इन्दुनाथ॥

अंगविद्या

१. राजयोगसंगतिकसामुद्रिकाध्यायः

राजयोगस्य लक्षणानि स्थानानि च

प्रसूतिकाले प्रबला यदि स्युर्नृपालयोगाः पुरुषस्य यस्य।
सद्राजचिह्नानि पदे तदीये भवन्ति वा पाणितलेऽमलानि॥ १॥

यस्य पुरुषस्य=जातकस्य, प्रसूतिकाले=जन्मसमये, प्रबलाः=बलयुक्ताः, नृपालयोगाः=राजयोगाः, स्युः=भवेयुः, तदीये=तस्य पुरुषस्य, पदे=चरणे सद्राजिह्नानि=शुभसूचकानि निर्मलराजयोगकारकचिह्नानि, भवन्ति=दृश्यन्ते। पाणितले=हस्ते (करतले) अपि अमलानि राजयोगसूचकचिह्नानि रेखादीनि परिलक्ष्यन्ते॥ १॥

राजयोग के लक्षण एवं स्थान—

जिस जातक के जन्म-समय में प्रबल राजयोग होते हैं उस पुरुष के हाथों और पैरों में राजयोग प्रस्फुटित करने वाली निर्मल (स्पष्ट) रेखायें होती हैं॥ १॥

अनामिका मूलगता प्रशस्ता सा कीर्तिता पुण्यविधानरेखा।
मध्याङ्गुलेर्या मणिबन्धमाप्ता, राज्याप्तये सा च किलोर्ध्वरेखा॥ २॥

(यस्य पुरुषस्य) जातकस्य, अनामिकामूलगता=अनामिकामूलमारभ्य या रेखा मणिबन्धं यावद् गच्छति सा प्रशस्ता=अतिशुभप्रदात्री, पुण्यविधानरेखा शास्त्रकारैः कीर्तिता=कथिता इत्यर्थः। तथा मध्याङ्गुलिमारभ्य मणिबन्धपर्यन्तं या रेखा गता सा ऊर्ध्वरेखा कथ्यते। सा राज्यप्राप्तिसूचिका रेखा भवति॥ २॥

जिस पुरुष की अनामिका (तृतीय अँगुलि) के मूल भाग से लेकर मणिबन्ध पर्यन्त 'पुण्यविधाना' नाम की रेखा होती है, वह पुण्य प्रदान कराने वाली उत्कृष्ट रेखा होती है। तथा जो मध्यमा अँगुली से प्रारम्भ होकर मणिबन्ध तक जाती है वह "ऊर्ध्वरेखा" कहलाती है, इसका फल राज्यप्राप्तिकारक होता है॥ २॥

विराजमानं यवलाञ्छनं चेदङ्गुष्ठमध्ये पुरुषस्य यस्य।
भवेद् यशस्वी निजवंशभूषो भूषाविशेषैः सहितो विनीतः॥ ३॥

यस्य पुरुषस्य=जातकस्य, अङ्गुष्ठमध्ये यवाकृतिः भवेत्, स जातकः यशस्वी=कीर्तिमान्, निजवंशभूषः=स्वकुलस्य आभूषणस्वरूपः=कुले प्रधान-

पुरुषो भवति, स्वयं भूषाविशेषैः=वस्त्रालङ्कारादिभिः परिपूर्णो विनीतश्च भवति ॥ ३ ॥

जिस जातक के अँगूठे के मध्य में यव (जौ) के समान रेखा हो वह जातक यशस्वी, कीर्तिमान् अपनी वंश-परम्परा में श्रेष्ठ (प्रधान) एवं समस्त ऐश्वर्यों से युक्त तथा नम्र स्वभाव वाला पुरुष होता है ॥ ३ ॥

चेद् वारणो वाऽऽतपवारणं वा वैसारिणः पुष्करिणी सृणिर्वा ।
वीणा च पाणौ चरणे नराणां ते स्युर्नराणामधिपा वरेण्याः ॥ ४ ॥

(येषां) जातकानां=नराणां पाणौ=चरणे च=हस्तचरणयोर्मध्ये वारणः=हस्ती, आतपवारणम्=छत्रम्, वा=अथवा, वैसारिणः=मत्स्यः, पुष्करिणी=खातम् (लघुजलाशयः), सृणिः=अंकुशः, वीणा वा=वाद्ययन्त्रम् इव चिह्नं भवति, ते वरेण्याः=श्रेष्ठाः, नराणाम् अधिपाः=राजानः स्युः ॥ ४ ॥

जिनके हाथ और पैरों के तलवों में हाथी, छाता, मछली, छोटे तालाब, वीणा और अंकुश के चिह्न हों तो वे श्रेष्ठ राजा होते हैं ॥ ४ ॥

आदर्शमाला-करवाल-शैल-हलाश्च यत्पाणितले मिलन्ति ।
स्यान्मण्डलीकोऽवनिपालको वा कुले नृपालः कुलतारतम्यात् ॥ ५ ॥

यस्य (जातकस्य) पाणितले=हस्ते=करतले आदर्शः=दर्पण इव, माला=जपमालिका इव, करवालः=खड्गः (कमण्डलुः) इव, शैलः=पर्वत इव, हलः=कृषिकर्षणयन्त्रमिव चिह्नानि मिलन्ति=प्राप्यन्ते, स जातकः, कुलतारतम्यात्=स्वकुलानुसारेण, माण्डलिकः=कतिपयराज्ञां संरक्षकः, अवनिपालकः=पृथ्वीपतिर्वा भवति ॥ ५ ॥

जिस जातक के हाथ में शीशा (दर्पण), माला, कमण्डलु, खड्ग, पर्वत और हल के समान चिह्न हों वह अपने कुलानुसार माण्डलिक राजा या पृथ्वीपति होता है ॥ ५ ॥

चेद् यस्य पाणौ चरणे च चक्रं धनुर्धराब्जव्यजनासनानि ।
रथाश्च दोलाः कमलाविलासात् तस्यालये स्युर्गजवाजिशालाः ॥ ६ ॥

यस्य=जातकस्य, चेत्=यदि, पाणौ=करतले, चरणे च=पादे च, चक्रं=चक्राकारम्, धनुः=चापः, धराब्जम्=कमलम्, व्यजनम्=ऊष्मानिवारकं तालपत्रम्, आसनानि=उपवेशनसाधनस्वरूपाणि, इमानि चिह्नानि विराजन्ते, तर्हि कमलाविलासात्=लक्ष्मीकृपातः, तस्य=जातकस्य आलये=गृहे रथाः दोलाश्च भवन्ति। सहैव गजवाजिशालाः=गजानां=हस्तिनां वाजिनां=हयानां च शालाः=निवासस्थानानि भवन्ति ॥ ६ ॥

जिस जातक के हाथ-पैरों में चक्र, धनुष, कमल, पंखा और आसन के चिह्न होते हैं, उसके घर में लक्ष्मी की कृपा से रथ, घोड़े, दोला या पालकी (झूला लकड़ी एवं लोहे से निर्मित) और हाथियों के निवास का स्थान होता है ॥ ६ ॥

स्तम्भस्तु कुम्भस्तु तरुस्तुरङ्गो गदा मृदङ्गोंऽध्रि-करप्रदेशे ।
दण्डोऽथवाऽखण्डितराज्यलक्ष्म्या स्यान्मण्डितः पण्डितशौण्डिको वा॥७॥

(यस्य) हस्तचरणयोः स्तम्भः=कदलीस्तम्भ इव, अथवा अन्यस्तम्भवत्, कुम्भः=घटः, तरुः=वृक्षः, तुरङ्गः=अश्वः, गदा=युद्धकार्ये प्रयुक्तोऽस्त्रविशेषः, मृदङ्गः=वाद्ययन्त्रविशेषः, इमानि चिह्नानि सन्ति स अखण्डराज्यस्य=अखण्डलक्ष्म्याश्च भोक्ता भवति, अथवा पण्डितेषु मूर्धन्यपण्डितो भवति ॥ ७ ॥

जिसके हाथ अथवा पैरों के तलवे में खम्भा, घड़ा, वृक्ष, घोड़ा, गदा, अथवा मृदंग के चिह्न हों तो वह अखण्ड राज्यलक्ष्मी को भोगने वाला अथवा मूर्धन्य पण्डित होता है ॥ ७ ॥

सुवृत्तमौलिस्तु विशालभालश्चाकर्णनीलोत्पलपत्रनेत्रः ।
आजानुबाहुं पुरुषं तमाहुर्भूमण्डलाखण्डलमार्यवर्याः ॥ ८ ॥

(यस्य जातकस्य) मौलिः=शिरः , सुवृत्तम्=वर्तुलाकारम्, विशाल-भालः=विस्तृतमस्तकः, आकर्णनीलोत्पलपत्रनेत्रः=नीलोत्पलस्य पत्रं नीलोत्पलपत्रं तद्वदेव आकर्णपर्यन्तम् नेत्रे यस्य सः=विशाललोचनः, आजानुबाहुः=जानुपर्यन्ते लम्बायमानबाहू स्याताम्, एतादृशं पुरुषम् आर्यवर्याः =श्रेष्ठा मुनिजनाः, 'पृथ्वीमण्डलस्य राजा भवति' इति कथयन्ति ॥ ८ ॥

जिस जातक का शिर गोल, मस्तक बड़ा, नीलकमल के समान कर्णपर्यन्त बड़े नेत्र, या जानु (घुटना) पर्यन्त लम्बी भुजाएँ हों ऐसे व्यक्ति को श्रेष्ठ मुनिजन 'पृथ्वीमण्डल का इन्द्र' कहते हैं ॥ ८ ॥

नरस्य नासा सरला च यस्य वक्षःस्थलं चापि शिलातलाभम् ।
नाभिर्गभीरातिमृदू भवेतामारक्तवर्णौ चरणौ स भूपः ॥ ९ ॥

यस्य=नरस्य (जातकस्य), नासा=नासिका, सरला=ऋजुः, वक्षः-स्थलम्=हृत्प्रदेशः, शिलातलाभम्=पाषाणतलमिव कठोरम्, नाभिः गभीरा, आरक्तवर्णौ चरणौ=उभावपि चरणौ रक्तवर्णौ अतिमृदू=अतिकोमलौ च भवेताम्, सः भूपः=राजा (पृथ्वीपतिः) भवति ॥ ९ ॥

जिस पुरुष की नाक सीधी हो, पत्थर के समान कठोर वक्षःस्थल हो, नाभि (तोंदी) गम्भीर (गहरी) हो, चरण (दोनों पैरों के तलवे) लाल और कोमल हों वह पृथ्वीपति (राजा) होता है ॥ ९ ॥

प्रसन्नमूर्तिः समुदारचेता वंशाभिमानः शुभवाग्विलासः।
अनीतिभीरुर्गुरुसाधुनम्रः, साम्राज्यलक्ष्मीं लभते मनुष्यः ॥ १० ॥

(यो हि जातकः) प्रसन्नमूर्तिः=सर्वदा प्रसन्नचित्तः, उदारचेताः=परोपकारकरणे प्रवृत्तः, वंशाभिमानः=श्रेष्ठवंशे समुत्पन्नः, शुभवाग्विलासः=कल्याणमयवाणीयुक्तः, अनीतिभीरुः=अन्याय्यमार्गाद् भयभीतः, गुरुसाधुनम्रः=गुरुजनान् सज्जान् प्रति साधुः, विनम्रश्च स्यात् एतादृशो मनुष्यः, साम्राज्यलक्ष्मीम्=साम्राज्यं लक्ष्मीं च लभते ॥ १० ॥

जो जातक प्रसन्नचित्त रहने वाला, बड़े उदारचित्त वाला (परोपकारी), श्रेष्ठ वंश में उत्पन्न हो या जो कल्याणकारी वाणी बोलता हो और अन्याय (मार्ग पर चलने) से डरता हो ऐसा जातक उत्कृष्ट राज्यभोगों को भोगने वाला तथा विशेष लक्ष्मीवान् होता है ॥ १० ॥

करतले यदि यस्य तिलो भवेदविरलो किल तस्य धनागमः।
पदतले च तिलेन समन्विते नृपतिर्वाहनचिह्नसमन्वितः ॥ ११ ॥

यदि यस्य=जातकस्य, करतले=हस्ते, तिलः=तिल इव चिह्नं भवेत्=स्यात्, तर्हि तस्य=जातकस्य (समीपे), किल=निश्चतरूपेण, अविरलः=अत्यधिकः, धनागमः=धनस्य आगमो भवति। पदतले=चरणस्य अधोभागे, तिलेन=तिलचिह्नेन, समन्विते=युक्ते सति तथा तत्रैव वाहनचिह्नसमन्विताः=गजाश्वरथादीनां चिह्नैः युक्तः, नृपतिः=राजा भवति ॥ ११ ॥

जिस जातक की हथेली में तिल का चिह्न हो तो उसके पास अत्यधिक लक्ष्मी का आगमन होता है। तथा जिसके पैर के तलवे में गज (हाथी) अश्व (घोड़ा) रथ आदि के चिह्न हों तो वह राजा होता है ॥ ११ ॥

एतत् फलं राजकुलोद्भवानां स्यान्मानवानां मुनयो वदन्ति।
प्रकल्पयेदन्यकुलोद्भवानां नूनं तदूनं स्वकुलानुमानात् ॥ १२ ॥

एतत् फलम्=उपर्युक्तं राजयोगकारकफलम्, राजकुलोद्भवानां मानवानां=राजवंशेषु उत्पन्नानां नराणां कृते, मुनयः=सूक्ष्मदृष्टिसम्पन्नाः चिह्नविशेषज्ञाः, वदन्ति=कथयन्ति। (गणितज्ञः) अन्यकुलोद्भवानां=राजवंशातिरिक्तवंशोद्भवानां जातकानां हस्ते पादतले उक्तचिह्नानि दृष्ट्वा जातकस्य कुलादिकं ज्ञात्वा न्यूनाधिकं फलं वदेत् ॥ १२ ॥

ये उपर्युक्त राजयोगकारक चिह्न राजाओं के वंशों में उत्पन्न जातकों के लिए ही विशेषतः पूर्ण फलप्रदान करने वाले होते हैं—ऐसा मुनियों ने कहा है। गणितज्ञों

राजकुलों से भिन्न कुलों में उत्पन्न जातकों की वंशपरम्परा को सम्यक्तया ज्ञात करके ही (इन चिह्नों के सहारे से) न्यून या अधिक फल कहना चाहिए ॥ १२ ॥

चिह्नानि यानि प्रतिपादितानि व्यक्तानि सम्पूर्णफलप्रदानि ।
वामेतरेंऽघ्रौ च करे नराणां धन्यानि वामे खलु कामिनीनाम् ॥ १३ ॥

यानि=पूर्वोक्तानि चिह्नानि=राजयोगसूचकानि, (मुनिभिः) प्रतिपादितानि=कथितानि, व्यक्तानि=स्पष्टीकृतानि सन्ति, तानि चिह्नानि यदि नराणाम्=पुंवाच्यजातकानां दक्षिणे, अंघ्रौ=चरणे, करे=हस्ते वा स्युः, तर्हि (तानि) विशिष्टफलकारकाणि भवन्ति । कामिनीनाम्=नारीणाम्, (तु) वामे पादे हस्ते च तानि चिह्नानि निश्चितरूपेण शुभसूचकानि भवन्ति ॥ १३ ॥

यदि पूर्वोक्त राजयोगकारक चिह्न पुरुषों के दाहिने हाथ एवं दाहिने पैर में हों तो वे चिह्न धन्य और पूर्ण फल प्रदान करने वाले होते हैं । यदि यही चिह्न स्त्रियों के वाम हाथ और पैर में हों तो वे विशेष फलदायक होते हैं ॥ १३ ॥

पञ्चदीर्घं चतुर्ह्रस्वं पञ्चसूक्ष्मं षडुन्नतम् ।
सप्तरक्तं त्रिगम्भीरं त्रिविस्तीर्णं प्रशस्यते[1] ॥ १४ ॥

अथान्यद्विशेषमाह—यस्य पुरुषस्य शरीरे पञ्चदीर्घम्=पञ्च अङ्गानि दीर्घाणि स्युः, चतुर्ह्रस्वम्=चत्वारि अङ्गानि ह्रस्वानि, पञ्च अङ्गानि सूक्ष्माणि, षडङ्गानि उन्नतानि, सप्ताङ्गानि रक्तानि, त्रिगम्भीरम्=त्रीणि अङ्गानि गम्भीराणि, त्रिविस्तीर्णम्=त्रीणि अङ्गानि विस्तीर्णानि स्युः स पुरुषोऽतीव श्रेष्ठो भवति ॥ १४ ॥

जिस पुरुष के शरीर में पांच अंग लम्बे हों, चार अंग छोटे हों, पांच अंग सूक्ष्म हों, छः अंग उन्नत हों, सात अंग रक्तवर्ण के हों, तीन अंग गम्भीर हों, और तीन अंग विस्तारवाले हों तो ऐसा पुरुष श्रेष्ठ भाग्य से सम्पन्न होता है ॥ १४ ॥

'पञ्चदीर्घं' इति श्लोकमेव चतुर्भिर्विस्तरेण विवृणोति—

हनुलोचनबाहुनासिकास्तनयोरन्तरमत्र पञ्चकम् ।
इति दीर्घमिदन्तु पञ्चकं न भवत्येव नृणामभूभृताम् ॥ १५ ॥

अत्र हनुः, नेत्रम्, बाहुः, नासिका, तथा स्तनयोः मध्यभागश्च दीर्घम्=विशालं तु तेषामेव भवति ये राजानः सन्ति; यतो हि इमानि पञ्चाङ्गानि अभूभृतां राजभिन्नानां मनुष्याणां कदापि दीर्घाणि न भवन्ति ॥ १५ ॥

---

१. पंचदीर्घम्=बाहु, नेत्र, ठोड़ी, नासिका, और स्तनों के बीच का भाग दीर्घ हो। चतुर्ह्रस्वम्—गला, पीठ, दोनों पिंडलियां ये चार अंग ह्रस्व हों। पञ्चसूक्ष्मम्—दांत, अंगुलियों के पौर, केश त्वचा एवं हाथों के नख सूक्ष्म हों। षडुन्नतम्—पार्श्वभाग, उदर, वक्षःस्थल, नासिका, कन्धे और ललाट ये छः अंग उन्नत हो। सप्तरक्तम्=हथेली, पैर के तलवे, नख, नेत्रों के कोण, जीभ, ओठ और तालु ये सात अंग लाल हों। त्रिगभीरम्—स्वर, चाल, नाभि—ये तीन अंग गम्भीर हों। त्रिविस्तीर्णम्—भौंह, भुजायें, शिश्न—ये तीन अंग विस्तीर्ण हों।

पूर्व श्लोक (१४) में आये पदों का विस्तार से वर्णन करते हैं—हनु प्रदेश, दोनों नेत्र, बाहु, नासिका और स्तनों का मध्यभाग—ये पाँच अंग राजाओं के ही विशाल होते हैं, अन्य व्यक्तियों के नहीं ॥ १५ ॥

नाभिः स्वरः सत्त्वमिति प्रशस्यं गम्भीरमेतत् त्रितयं नराणाम् ।
उरो ललाटो वदनं नराणां, विस्तीर्णमेतत् त्रितयं प्रशस्तम् ॥ १६ ॥

अथ च—नाभिः, स्वरः=शब्दः (वाणी इत्यर्थः); सत्त्वम्=ओजः, पराक्रम इत्येतत् त्रितयं गम्भीरं प्रशस्यम्; उरः=हृत्प्रदेशः, ललाटः=मस्तकम्, वदनं=मुखम्—एतत् त्रितयं नराणां=मानवानां विस्तीर्णं प्रशस्तम्=प्रशंसनीयमिति कथितम् (शास्त्रकारैरिति शेषः) ॥ १६ ॥

(और) मनुष्यों की नाभि, स्वर (आवाज), सत्त्व (पराक्रम)—ये तीनों गम्भीर हों तथा हृदय (छाती), मस्तक और मुख—ये तीनों विस्तीर्ण हों तो वह पुरुष श्रेष्ठ होता है—ऐसा शास्त्रकारों को अभिप्रेत है ॥ १६ ॥

वक्षोऽथ कुक्षिद्वयनासिकास्यकृकाटकाश्चेति षडुन्नतानि ।
ह्रस्वानि चत्वार्यथ लिङ्गपृष्ठे ग्रीवा च जङ्घे च हितप्रदानि ॥ १७ ॥

वक्षः=वक्षःस्थलम्, कुक्षिद्वयम्=उभावपि कुक्षी, नासिका=नासा, आस्यम्=मुखम्, कृकाटका=घोटा—इमानि षडङ्गानि अत्युन्नतानि शोभनानि भवन्ति । लिंगं=शिश्नम्, पृष्ठम्=पृष्ठदेशः, तथा ग्रीवा, जङ्घा इमानि चत्वारि अङ्गानि ह्रस्वान्येव शोभनानि भवन्ति ॥ १७ ॥

छाती, दोनों कुक्षि (कोख), नाक, मुख तथा कृकाटका (गर्दन के ऊपर वाला भाग)—ये छः अंग उन्नत (ऊँचे) हों तो शुभकारक होते हैं । तथा लिंग, पीठ, गर्दन एवं जंघा—ये चारों अंग ह्रस्व (छोटे) ही शुभसूचक होते हैं ॥ १७ ॥

नेत्रान्तपादकरताल्वधरोष्ठजिह्वा,
रक्ता नखाश्च खलु सप्त सुखावहानि ।
सूक्ष्माणि पञ्च दशनाङ्गुलिपर्वकेशाः,
साकं त्वचा कररुहाश्च न दुःखितानाम् ॥ १८ ॥

यस्य जातकस्य नेत्रान्तः=नेत्रयोः कोणभागः, पादौ=चरणौ, करौ=हस्तौ तालुः, अधरोष्ठः=अधःस्थित ओष्ठः, जिह्वा नखाश्च-इमानि सप्ताङ्गानि रक्तानि स्युः, तानि तस्य जातकस्य कृते सुखावहानि=अतीव सुखदायकानि भविष्यन्ति; शुभसूचकानि अङ्गानि स्युरित्यर्थः । दशनाः=दन्ताः, अङ्गुलिपर्वाणि=अङ्गुलीनां पर्वाणि=ग्रन्थयः, केशाः=शिरोरुहाः, त्वचा=

शरीरस्य त्वक्, तथा कररुहाश्च=नखाश्च--एतानि पञ्च अङ्गानि यस्य सूक्ष्माणि भवन्ति स सुखी भवति। दुःखितानां जातकानां इमानि अङ्गानि सूक्ष्माणि न भवन्ति ॥ १८ ॥

नेत्रों के कोण, पैर, हाथ, तालु, नीचे का ओठ और जिह्वा (जीभ) तथा नख— ये सात अंग लाल होने पर अत्यन्त ही शुभकारी होते हैं। और दाँत, अँगुलियों के पोर, शिर के बाल, त्वचा एवं हाथों के नाखून--ये पांच अंग सुखी व्यक्ति के ही सूक्ष्म होते हैं, दुःखी व्यक्ति के नहीं ॥ १८ ॥

यवोऽङ्गुष्ठोदरे यस्य यशस्वी च नरो भवेत्।
अनामिकामूलजा स्याद् रेखा यस्य स पुण्यवान् ॥ १९ ॥

यस्य=जातकस्य अंगुष्ठोदरे=अङ्गुष्ठस्य मध्ये यवः=यववद् रेखा भवति (स जातकः) यशस्वी=कीर्तिमान् भवेत्। यस्य=जातकस्य करस्य अनामिकामूलजा=अङ्गुष्ठात् चतुर्थाङ्गुलिमूलस्थानादारभ्य रेखा स्यात्=भवेत सः=जातकः पुण्यवान्=पुण्ययुक्तः पुण्योत्पादकधार्मिककृत्यसम्पादको भवति ॥

जिस जातक के हाथ के अंगूठे में यवरेखा (जौ के आकार की रेखा) हो तो उसे यशस्वी जानना चाहिये। तथा जिसकी अनामिका के मूल से रेखा हो तो वह पुण्यवान् होता है, अर्थात् वह जीवन में पुण्यमय कार्य करता है ॥ १९ ॥

उरो विशालं धनवान् हनुः शीर्षोऽपराजितः।
बहुपुत्रः कटिस्थूलो विशालचरणो धनी ॥ २० ॥

(यस्य जातकस्य) उरः=वक्षःस्थलम् विशालम्=विस्तृतम्, (सः) धनवान्=विशेषधनयुक्तो भवति। हनुः=हनुप्रदेशः (अधरोष्ठस्य अधोभागः तथा) शीर्षः=शिरः विस्तृतो भवेत् (स सर्वत्रैव) अपराजितः=पराजितो न भवति, अर्थात् सर्वत्र जयी भवति। चेत् कटिप्रदेशः, स्थूलः, (तर्हि) बहुपुत्रः=अधिकपुत्रवान् भवति। विशालचरणः=विस्तृतपादयुक्तो जातकः धनी=धनवान् भवति ॥२०॥

जिस जातक की छाती विशाल होती है वह धनी होता है। जिसकी ठोढ़ी (हनु) तथा शिर बड़ा होता है वह सभी जगह विजयी होता है। जिसकी कमर मोटी हो तो वह बहुत पुत्रों वाला होता है। जिसके पैर बड़े हों वह विशेष धनी होता है ॥ २० ॥

चक्षुःस्नेहे च सौभाग्यं दन्तस्नेहे च भोजनम्।
वपुःस्नेहे च सौख्यं स्यात् पादस्नेहे च वाहनम् ॥ २१ ॥

यस्य जातकस्य चक्षुषोः=नेत्रयोः, स्नेहः=स्निग्धता भवति स सौभाग्यशाली। दन्तेषु स्निग्धेषु सत्सु, स भोजनस्य लाभी भवति। वपुषः=शरीरस्य

स्नेहेन=स्निग्धतया (तस्य) सौख्यं=सुखस्यानुभूतिः स्यात्=भवेत् । पादस्नेहे=उभयोः पादयोः स्निग्धे सति (तत्कृते) वाहनम्=वाहनस्य प्राप्तिर्भवति ।। २१ ।।

जिस मनुष्य के नेत्र स्निग्ध (चिकने) हों तो वह सौभाग्यशाली होता है, दांत स्निग्ध हों तो उसे उत्तम भोजन मिलता है । जिसका शरीर स्निग्ध हो तो उसे सुख मिलता है और पैर स्निग्ध हों तो उसे वाहन प्राप्त होता है ।। २१ ।।

अशुभचिह्नानि

उलूकाक्षाश्च काकाक्षा मण्डूकाक्षाश्च ये नराः ।
अल्परोमकपोलाश्च ते सर्वे पापबुद्धयः ।। २२ ।।

येषां नराणां (जातकानां) उलूकस्य इव अक्षा।=नेत्राणि, काकस्य इव अक्षाणि=नेत्राणि, मण्डूकस्य इव अक्षाणि=नेत्राणि भवन्ति तथा अल्परोमकपोलाश्च=येषां कपोलेषु अल्परोमाणि भवन्ति एतादृशास्ते सर्वे मानवाः पापबुद्धयः=पापकर्मणि लिप्सा बुद्धिः येषामेवम्भूता भवन्ति ।। २२ ।।

(अशुभ चिह्नों का वर्णन-) जिसके नेत्र उल्लू, कौए अथवा मण्डूक (मेढ़क) के नेत्रों के समान हों, और जिसके कपोलों में थोड़े रोम हों ऐसे सभी जीव पापकर्म में संलग्न रहने वाले होते हैं ।। २२ ।।

विस्वराः काकनादाश्च कैकरा बभ्रुनासिकाः ।
शिराला रोमणा ह्रस्वोत्तरोष्ठास्ते च पापिनः ।। २३ ।।

(ये पुरुषाः) विस्वराः=कर्कशवाचः, काकनादाः=काकशब्दस्वराः, कैकराः=कैकरा इव दृष्टिः येषां ते, बभ्रुनासिकाः=नकुलस्येव नासिका येषां ते, शिरालाः=बहुनाडिका, रोमणाः=बहुरोमयुक्ताः, ह्रस्वोत्तरोष्ठाः=उत्तरोष्ठः ह्रस्वो येषां ते एवम्भूताः जातकाः, पापिनः=पापकर्मणि लिप्ताः भवन्ति ।। २३ ।।

कर्कश स्वर, कौए के समान कठोर वाणी वाले, केकड़ा के समान दृष्टिवाले, नेवला के समान नासिका वाले, बहुत नाड़ी एवं रोम वाले और स्वल्प (छोटे) ओठ वाले सभी जातक पापकर्म में लिप्त रहने वाले होते हैं ।। २३ ।।

कयोर्विवाहः सुखदः ?

पितृशीलोत्तमा कन्या मातृशीलो नरस्तथा ।
समपुष्टस्तुल्यरूपो विवाहः सुखदो भवेत् ।। २४ ।।

पितृशीला=पितृवत् आचरणयुक्ता, कन्या=पुत्री, उत्तमा=प्रशस्ता, मातृशीलः=मातृवत् आचरणयुक्तो नरः=पुरुषः (उत्तमः) भवति । तथा ययोः स्त्रीपुरुषयोः समानरूपेण शरीरस्य पुष्टता, सौन्दर्यं च भवतः तयो विवाहः=परिणयः, सुखदः=सुखप्रदो भवेत् ।। २४ ।।

पिता के समान शीलवाली कन्या उत्तम होती है। एवं माता के समान शील-वाला पुत्र उत्तम होता है। जिस पुरुष और स्त्री से अंग समानतया पुष्ट हों, समान रूप में हों तो उनका विवाह सुखप्रद होता है॥ २४॥

ययोरेव समं वित्तं ययोरेव समं कुलम्।
तयोर्विवाहः सख्यं च न तु पुष्ट-विपुष्टयोः॥ २४क॥

ययोः=स्त्रीपुरुषयोः समं=समानम्, वित्तम्=धनम्, ययोः समानं कुलम्, तयोरेव=विवाहः शोभनम्, तयोरेव सख्यम्=मित्रता, शोभना शुभदा भवति। न तु पुष्ट-विपुष्टयोः=वित्तेषु कुलेषु वा असमानयोः (विवाहः, सख्यं च) शोभनं न भवति॥ २४क॥

जिनको विवाह करना हो उन दोनों के पास समान धन हो, तथा समान कुल हो, तभी उनका विवाह शुभकारी होता है। उसी प्रकार मित्रता भी समान धन एवं समान कुल वाले के साथ ही कल्याणकारी होती है। कुल तथा वित्त में असमानों का विवाह और मित्रता कल्याणकारिणी नहीं होती॥ २४क॥

शंख-पद्म-यव-छत्र-माला-मत्स्य-ध्वजादयः।
पादे पाणौ भवन्त्येव राज्ञां तद्योषितां तथा॥ २५॥

शङ्ख=शङ्खस्य इव आकृतिः, पद्मम्=कमलम्, यवः, छत्रम्, माला, मत्स्यः ध्वजादयश्च—इत्यादीनां आकृतिः यस्य पुरुषस्य अथवा नारीणां हस्ते पादे वा भवन्ति ते पुरुषा राजानो भवन्ति, ताः=नार्यश्च महिष्यो भवन्ति। यतो हि साधारणस्त्रीपुरुषाणां हस्तयोः पादयोः वा इमानि चिह्नानि न लक्षितानि भवन्ति॥ २५॥

जिनके भाग्य में राजयोग होता है, उन्हीं पुरुषों अथवा स्त्रियों के हाथ या पैरों में शंख, कमल, यव (जौ), छत्र, माला, मछली, ध्वजा आदि चिह्न होते हैं। साधारण नर-नारी के हाथ-पैरों में ये चिह्न नहीं मिलते॥ २५॥

व्यासोक्त्या नारीणां विशेषलक्षणानि

मार्जार-पिङ्गला-नारी विषकन्येति कीर्तिता।
सुवर्णपिङ्गला नारी नातिदुष्टा परे जगुः॥ २६॥

व्यासः सम्प्रति नारीणां विशिष्टलक्षणानि ब्रवीति—मार्जारपिंगला नारी=मार्जारवत् पिंगलवर्णा नारी 'विषकन्या' इति कीर्तिता=विषकन्या कथिता। सुवर्णपिङ्गला नारी=सुवर्णवत् पिंगलवर्णा नारी=स्त्री अतिदुष्टा=अत्यन्त-दुष्टा=दुष्टस्वभावा न भवति—इति अपरे आचार्याः कथयन्ति॥ २६॥

अब व्यास जी नारियों के विशेष लक्षण कहते हैं—बिल्ली के समान पिंगल-

वर्ण वाली स्त्री 'विषकन्या' कही जाती है। परन्तु दूसरे आचार्यों का मत है कि सुवर्णवत् पिंगल वर्ण वाली नारी अत्यन्त दुष्टा नहीं होती ॥ २६ ॥

कृष्णजिह्वा च लम्बोष्ठी पिङ्गाक्षी घर्घरस्वरा।
त्याज्या यस्याश्च पादौ च कुचावोष्ठौ च रोमशौ ॥ २७ ॥

कृष्णजिह्वा=यस्या जिह्वा कृष्णा भवेत्, यस्या ओष्ठौ लम्बायमानौ स्याताम्, सा च पिंगाक्षी=यस्या नेत्रे पीतवर्णे, यस्या वाणी घर्घरस्वरयुक्ता, यस्याः कुचौ=स्तनौ ओष्ठे पादौ च रोमशौ रोमयुक्तौ, एतादृशी नारी त्याज्या=अग्राह्या, तया सह विवाहो न करणीय इत्यर्थः ॥ २७ ॥

जो स्त्री काली जिह्वा वाली हो, जिसके ओष्ठ लम्बे हों, नेत्र पीले हों और बोलने में जिसका शब्द घर्घर हो, तथा जिसके पैरों, स्तनों और ओठों में रोम हों ऐसी स्त्री के साथ विवाहादि न करें। ऐसी स्त्रियाँ अन्य सम्बन्धों में भी त्याज्य होती हैं ॥ २७ ॥

विरलाङ्गुलिदन्ता च कुचगण्डवृहत्कचा।
कृष्णतालुः परित्याज्या व्यङ्गाङ्गी पितृमातृतः ॥ २८ ॥

यस्या नार्याः, विरलाङ्गुलयः=विरलाः=असम्पृक्ता अंगुलयः, तथैव विरलाः दन्ताः (स्युः), कुचगण्डवृहत्कचा=कुचयोः, गण्डेषु=कपोलेषु उपरि वृहत् कचाः स्युः, यस्याः तालुः कृष्णवर्णो भवेत्, याः पितृमातृतः व्यङ्गाङ्गी=अधिकाङ्गयुक्ता अथवा न्यूनाङ्गा भवेत्। एतादृशी स्त्री परित्याज्या=न ग्रहणयोग्या--इति शास्त्रकाराणां मतम् ॥ २८ ॥

जिन स्त्रियों की अंगुलियाँ और दाँत विरल (दूर-दूर) हों; स्तनों और कपोलों के ऊपर बड़े-बड़े बाल और तालु काला हो, जो माता-पिता से अधिक या न्यून अङ्ग वाली हो, ऐसी स्त्रियों से विवाहादि नहीं करना चाहिए ॥ २८ ॥

कनिष्ठानामिका यस्या यदि मध्यमिका तथा।
भूमिं न स्पृशति सा स्त्री विज्ञेया व्यभिचारिणी ॥ २९ ॥

यस्याः=नार्याः, कनिष्ठका=अनामिकायाः प्रान्तवर्तिनी, अनामिका=मध्यमाकनिष्ठकयोर्मध्यस्था तथा मध्यमिका=मध्यमा अंगुलिः भूमिं=पृथ्वीं न स्पृशति=स्पर्शं न कुर्यात् सा=एतादृशी स्त्री=नारी, व्यभिचारिणी=परपुरुषगामिनी, विज्ञेया=ज्ञातव्या ॥ २९ ॥

जिस स्त्री के पैर की कनिष्ठा, अनामिका और मध्यमा अंगुली पृथ्वी का स्पर्श नहीं करती, उस स्त्री को व्यभिचारिणी समझना चाहिए ॥ २९ ॥

पादे प्रदेशिनी यस्या अंगुष्ठं समतिक्रमेत् ।
न सा भर्तृगृहे तिष्ठेत् स्वच्छन्दा कामचारिणी ॥ ३० ॥

यस्याः पादे=चरणे, प्रदेशिनी=अंगुष्ठस्य पार्श्वस्थिता अंगुलिः अंगुष्ठं समतिक्रमेत्=अङ्गुष्ठात् दीर्घा भवेत् । सा=नारी, भर्तृगृहे=पतिगृहे न तिष्ठेत्=न स्थिरा भवति । अपितु एतादृशी नारी स्वच्छन्दा=स्वेच्छया, कामचारिणी=कामुकी भूत्वा परपुरुषानुरागिणी भवति ॥ ३० ॥

जिस स्त्री के पैर के अंगूठे के पास की अंगुली अंगूठे से लम्बी हो ऐसी स्त्री अपने पति के घर में शीलसम्पन्न बन कर नहीं रहती, अपितु वह स्वेच्छाचारिणी और पुंश्चली होती है ॥ ३० ॥

उदरे श्वशुरं हन्ति ललाटे हन्ति देवरम् ।
स्फिचौ पतिं लम्बमाने धनं कूर्मोदरी हरेत् ॥ ३१ ॥

यस्या नार्यः उदरं लम्बायमानमस्ति सा श्वसुरं हन्ति, ललाटे लम्बमाने सति सा देवरं हन्ति, स्फिचौ=कटेरधोभागस्थितमांसपिंडयुगलं कथ्येते, तयोः लम्बमानयोः नारी पतिं हन्ति । कूर्मोदरी नारी धनं हरेत्=धनधान्यं विनाशयति ॥ ३१ ॥

जिस स्त्री का पेट लम्बा हो वह अपने श्वसुर को मार देती है । जिसका माथा लम्बा हो अपने देवर को मारती है, स्फिक्=(कटि और पट्टे के बीच का मांसपिंड) यदि लम्बा हो तो अपने पति को मारती है, और कछुए के समान उदर वाली स्त्री धन को नष्ट करती है । ('मारती है' से तात्पर्य है--ऐसी स्त्री से विवाह करने वाले शीघ्र मर जाते हैं) ॥ ३१ ॥

पृष्ठावर्ता पतिं हन्ति नाभ्यावर्ता पतिव्रता ।
कट्यावर्ता तु स्वच्छन्दा स्कन्धावर्तार्थभागिनी ॥ ३२ ॥

यस्याः पृष्ठे चक्रवत् रोमावली भवति सा पतिं हन्ति, यस्याः नाभौ चक्रवत् आवर्तः भवति सा पतिव्रता भवति । यस्याः कट्यां चक्रवत् आवर्तो भवति सा स्वच्छन्दा भवति । यस्याः स्कन्धयोः चक्रवत् चिह्नं भवेत् सा धनवती भवति ॥ ३२ ॥

जिस नारी के पीठ पर चक्र की समान गोल रोमाबली का चिह्न होता है वह पति को मारती है । (अर्थात् वह विधवा हो जाती है) । नाभि में चक्र के समान आवर्त वाली स्त्री पतिव्रता होती है । कमर में आवर्त (चक्र) के समान चिह्नवाली स्त्री स्वच्छन्द होती है । कन्धों पर चक्र के समान चिह्न वाली स्त्री बहुत धनवती होती है ॥ ३२ ॥

प्रशस्तकन्यालक्षणानि

सुस्वरा च सुवेशा च मृद्वङ्गी चारुभाषिणी ।
प्रशस्ता सुगतिः कन्या या च दृङ्मनसोः प्रिया ॥ ३३ ॥

या स्त्री सुस्वरा=मधुरस्वरा, सुवेशा=सुष्ठुवेशा, मृद्वङ्गी=कोमलाङ्गी, चारुरभाषिणी=मनोहरभाषिणी, सुगतिः=सुष्ठु=शोभना गतिः यस्याः सा हंसगामिनी च, या च=दृङ्मनसोः प्रिया=नेत्रानन्दकरी तथा यदवलोकनेन मनः प्रसन्नं भवेत् एतादृशी कन्या प्रशस्ता=श्रेष्ठा कथिता शास्त्रज्ञैः ॥ ३३ ॥

जिस स्त्री का स्वर सुन्दर हो, सुन्दर वेशभूषा वाली हो, जिसके अग-प्रत्यंग कोमल हों और मधुर बोलने वाली हो, और जो हंस तथा हाथी के समान श्रेष्ठ चाल वाली हो, एवं जिसके अवलोकन से नेत्र और मन प्रसन्न हों--ऐसी कन्या प्रशस्त कही गयी है ॥ ३३ ॥

मण्डूककुक्षिका नारी न्यग्रोधपरिमण्डला ।
एवं जनयते पुत्रं स तु राजा भविष्यति ॥ ३४ ॥

मण्डूककुक्षिका=मण्डूकस्य कुक्षी=यस्या उदरस्य उभावपि पार्श्वौ सा नारी=स्त्री, न्यग्रोधपरिमण्डला=न्यग्रोधवृक्ष इव परिमण्डला=वृहद्विस्तारयुक्ता, एवं=एतादृशी स्त्री यं पुत्रं=सुतं, जनयते=उत्पादयति सः=पुत्रो राजा भविष्यति ॥ ३४ ॥

मण्डूक=(मेढक) के समान कुक्षि=(कोंख) वाली और न्यग्रोध=(बहेड़ा) के समान ऊपर के बृहत् (विस्तृत) अंगों वाली स्त्री जिस पुत्र को पैदा करेगी वह राजा होगा । (वह पुत्र समस्त ऐश्वर्यों से सुशोभित होता है) ॥ ३४ ॥

मध्याङ्गुलीया मणिबन्धनोत्था रेखा गता पाणितलेऽङ्गनानाम् ।
ऊर्ध्वं गता पाणितलेऽथवा या पुंसोऽथवा राजसुखाय सा स्यात् ॥३५॥

वराहाचार्यः कथयति -अङ्गनानाम्=नारीणाम्=मध्याङ्गुलीया=मध्यमाङ्गुलीत आरभ्य, मणिबन्धनोत्था=मणिबन्धपर्यन्ता=रेखा यस्याः पाणितले गता, पाणितले ऊर्ध्वगतां रेखां विद्वांसः शुभां कथयन्ति । अथवा उक्तप्रकारेण रेखा पुंसः=नरस्य पाणितले भवति चेत् सा=एतादृशी रेखा राजसुखाय=राजोचितसुखसाधनानां परिचायिका भवति ॥ ३५ ॥

आचार्य वराह का कथन है कि जिस नारी या पुरुष के हाथ में मध्यमा अंगुली से लेकर मणिबन्ध पर्यन्त ऊर्ध्वरेखा होती है वह दोनों (स्त्री-पुरुष) के लिए राजसुखों को देने वाली होती है ॥ ३५ ॥

कनिष्ठिकामूलभवा गता या प्रदेशिनी मध्यमकान्तराला ।
करोति रेखा परमायुषः सा प्रमाणहीनाऽथ तदूनमायुः ॥ ३६ ॥

(येषां जीवानां) कनिष्ठिकामूलभवा=कनिष्ठिका अंगुल्या मूलदेशे भवा=उत्पन्ना या रेखा सा (यदि) प्रदेशिनीमध्यमान्तराला गता=सा रेखा यदि प्रदेशिनामध्यमा अङ्गुल्योः अन्तरालपर्यन्तम्=मध्यपर्यन्तम् गता=गच्छति, तर्हि (एतादृशी) रेखा परमायुषम्=उत्कृष्टम् आयुः (दीर्घ-जीविनं) करोति। सा रेखा प्रमाणहोना=पूर्वोक्त-प्रकारेण (कनिष्ठ-कादारभ्य मध्यमाप्रदेशिनी पर्यन्तं) न गच्छति तर्हि सा रेखा ऊनं=न्यूनं आयुः दिशति ॥ ३६ ॥

जिनके हाथ में कनिष्ठिका से लेकर मध्यमा और प्रदेशिनी के बीच तक रेखा जाती है वे पूर्ण आयु वाले होते हैं। यदि वही रेखा पूर्ण न हो तो उतनी ही आयु भी न्यून समझनी चाहिए ॥ ३६ ॥

सन्तानरेखा

अंगुष्ठमूले प्रसवस्य रेखाः पुत्रा बृहत्यः प्रमदाश्च तन्व्यः।
अच्छिन्नदीर्घाश्च चिरायुषस्ताः स्वल्पायुषश्छिन्नलघुप्रमाणाः ॥३७॥

अङ्गुष्ठस्य मूले=उद्भवस्थाने प्रसवस्य रेखाः (भवन्ति)। तत्र यदि बृहत्यः=विस्तृताः रेखाः सन्ति, तर्हि ताः पुत्रसन्ततिसूचकाः। तन्व्यः=सूक्ष्मा रेखाश्च प्रमदाः=बालिकाः प्रददति। ताः अच्छिन्ना दीर्घाश्च रेखाः चिरा-युषः दीर्घजीविनः पुरुषस्य भवन्ति। छिन्नलघुप्रमाणाः=छिन्ना तथा ह्रस्वाकारा रेखा अल्पायुषः=अल्पजीविनः पुरुषस्य भवन्ति ॥ ३७ ॥

अंगूठे के मूल भाग में सन्तान-रेखायें होती हैं। यदि वे बड़ी रेखाएं हैं, तो पुत्रों की सूचक होती हैं। और यदि वे ही रेखा सूक्ष्म और छोटी हों तो कन्या-सूचक होती हैं। वे कटी-पिटी न हों और लम्बी हों तो वह पुरुष दीर्घजीवी होता है, यदि वे ही रेखायें किसी के कटी तथा छोटी हों तो वह अल्पायु होता है ॥ ३७ ॥

मैत्रीसूचकरेखाविचारपद्धतिः

कलत्रकान्तयोः सख्यं जीविताख्यकनिष्ठयोः।
मध्ये विचिन्तयेद् दक्षे वामहस्ते नरस्त्रियोः ॥ ३८ ॥

जीविताख्यकनिष्ठयोः=जीवनरेखायाः कनिष्ठिकायाश्च मध्ये कलत्र-कान्तयोः=पतिपत्न्योः सख्यं=मैत्रीभावं सूचयन्ती एतादृशी रेखा पुरुषस्य दक्षिणहस्ते नारीणां च वामहस्ते विचिन्तयेत्=सुधीभिः चिन्तनीया ॥ ३८ ॥

स्त्री पुरुष (पति-पत्नी) में आपस में मित्रता, सौहार्द की रेखा कनिष्ठा अंगुली के मध्य में पुरुष के दाहिने तथा स्त्री के वाम हस्त में विद्वान् को खोजनी चाहिए ॥ ३८ ॥

निर्धनानां हस्तरेखा

अरेखं बहुरेखं वा येषां पाणितलं नृणाम् ।
ते स्युरल्पायुषो निःस्वा दुःखिता नात्र संशयः ।। ३९ ।।

येषां हस्ते अरेखा=अल्परेखाः सन्ति, अथवा येषां हस्ते बह्व्यः रेखाः सन्ति, ते सर्वे अल्पायुषो निर्धना दुःखभागिनश्च भवन्ति, अस्मिन् विषये संशयो नास्ति ।। ३९ ।।

जिनके हाथ में बहुत कम रेखाएं हों, अथवा बहुत अधिक रेखाएं हों, इस प्रकार के मनुष्य अल्पायु निर्धन एवं दुःखी होते हैं, इसमें कोई संशय नहीं करना चाहिए ।। ३९ ।।

क्लेशसम्पल्लवा रेखा कुर्याच्छिन्नायुषः क्षयम् ।
मणिबन्धोन्मुखा वृद्धयै विपदोऽगुष्ठसम्मुखा ।। ४० ।।

(यस्य हस्ते) पल्लवम् (पत्रमिव) रेखा भवति, सा क्लेशं कष्टं ददाति । यदि सा रेखा छिन्ना भवेत् तर्हि तत्प्रभावेण आयुषः क्षयं भवति । यदि मणिबन्धस्य सन्मुखा रेखा भवति तर्हि तस्य वृद्धिः धन-धान्यवृद्धिः भवति । अंगुष्ठसम्मुखा=अंगुष्ठस्य सम्मुखे सा रेखा चेत् तर्हि तस्य कृते विपद आयान्ति ।। ४० ।।

हाथ में पत्ते (पल्लव) के समान रेखा क्लेशकारक होती है । यदि रेखा कटी हो तो आयु को क्षीण करती है । यदि मणिबन्ध के सम्मुख हो तो वृद्धिकारक (उन्नतिकारक) होती है । अगूठे के सम्मुख हो तो विपत्तिकारक होती है ।। ४० ।।

शुभा रेखा

मत्स्यः करतले यस्य स नरो बहुकोशवान् ।
भाग्यरेखा सुतीक्ष्णाग्रा शुभा छत्राकृतिस्तथा ।। ४१ ।।

यस्य=पुरुषस्य (जातकस्य) करतले=हस्ते, मत्स्यः=मीनरेखा भवति, स नरः बहुकोशवान्=बहुधनवान् जायते । यस्य करतले छत्रमिव चिह्नं भवेत्, अथवा सुतीक्ष्णाग्रा=तीक्ष्णोऽग्रभागो यस्याः सा भाग्यरेखा शुभा कल्याणसूचिका भवति ।। ४१ ।।

जिसकी हथेली में मछली की तरह रेखा होती है वह नर बहुत धनवान् होता है और जिसकी हथेली में रेखा तीक्ष्ण (पतले) अग्रभाग वाली (छत्र) रेखा हो वह भाग्यरेखा और बहुत ही शुभप्रदा होती है ।। ४१ ।।

हस्तरचनां दृष्ट्वा फलादेशविधिः—

श्लिष्टान्यंगुलिमध्यानि द्रव्यसञ्चयहेतवे ।
तानि चेच्छिद्रयुक्तानि त्यागशीलकराणि च ।। ४२ ।।

यस्य हस्तस्य अंगुलीनां मध्यभागः श्लिष्टः=मिलितो भवति स पुरुषः द्रव्यसञ्चयकर्ता भवति । यस्य हस्तस्य अंगुलीनां मध्यभागे छिद्राणि भवन्ति स पुरुषः त्यागशीलः=व्ययशीलो (दरिद्रो) भवति ॥ ४२ ॥

जिसके हाथ की अंगुलियों के मध्य भाग आपस में मिले हुये हो वह धन-सञ्चय करता है। और जिसकी अंगुलियों के बीच में छिद्र होते हैं वह त्यागशील होता है अर्थात् वह धन-संचय नहीं कर पाता। उसे जो भी धन प्राप्त होता है वह उसे खर्च कर देता है ॥ ४२ ॥

अग्राह्यनारीणां लक्षणानि

मिलद्भ्रूयुग्मिका काणा लम्बोष्ठी शूर्पकर्णिका ।
वक्रास्यनासिका चातिमौना त्याज्याऽतिभाषिणी ॥ ४३ ॥

मिलद्भ्रूयुग्मिका=यस्या उभावपि भ्रुवौ मिलितौ सा, काणा=एकाक्षी, लम्बोष्ठी=लम्बायमानौष्ठयुक्ता, शूर्पकर्णिका=शूर्पः=हिन्दीभाषायां 'सूप' इति प्रसिद्धः (धान्यशुद्धिकरणस्य पात्रविशेषः), तस्येव कर्णौ यस्याः सा, वक्रास्या=कुटिलमुखी (वक्रं=कुटिलमास्यं=मुखं यस्या सा), वक्रनासिका कुटिलनासायुक्ता, अतिमौना=सर्वदा मौनं धारयति सा; अथवा अतिभाषिणी =सर्वदा विशेषरूपेणात्यन्तं वदति सा उक्तलक्षणलक्षिता नारी, विज्ञैः परित्याज्या=न ग्राह्या ॥ ४३ ॥

(त्याज्य स्त्रियों के लक्षण-) जिसकी भौंवें मिली हुई हों, जो एक आँखवाली हो, लम्बे ओठों वाली हो, सूप (धान्य साफ करने के पात्र) के समान कानवाली, टेढ़े मुख वाली, टेढ़ी नाक वाली, सर्वदा मौन रहने वाली, या अधिक बोलने वाली हो ऐसे लक्षणों वाली स्त्रियाँ सर्वथा त्याज्य हैं ॥ ४३ ॥

यस्याः केशांशुकस्पर्शात् म्लायन्ति कुसुमस्रजः ।
स्नानाम्भसि विपद्यन्ते बहवः क्षुद्रजन्तवः ॥ ४४ ॥
धीयन्ते मत्कुणास्तस्यास्तथा यूकाश्च वाससि ।
चौर्यान्नभक्षिणी शौचहीना त्याज्या नितम्बिनी ॥ ४५ ॥

यस्या=नार्याः, केशांशुकस्पर्शात्=केशानां=शिरोरुहाणां अंशुकस्य=वस्त्रस्य स्पर्शात्=संस्पर्शात्, कुसुमस्रजः=पुष्पाणां माला, म्लायन्ति=शुष्कतां गच्छन्ति । यस्याः स्नानाम्भसि=स्नानजले, बहवः क्षुद्रजन्तवः=ह्रस्वकायजीवाः, विपद्यन्ते=उत्पद्यन्ते ॥ ४४ ॥

तथा यस्याः (शिरोदेशे) मत्कुणाः=लिक्षाः(जूँ हिन्दी भाषायाम्) भवन्ति, वाससि=वस्त्रे=यूकाः (चीलर इति हिन्दीभाषायाम्) भवन्ति ।

अथवा या स्त्री गृहेऽपि चौर्येण अन्नं भुंक्ते, या शौचहीना–पवित्रतारहिता, नितम्बिनी–पृथुनितम्बशालिनी वा, सा त्याज्या–अग्राह्या भवति ॥ ४५ ॥

जिस स्त्री के केश और वस्त्रों के स्पर्श से पुष्पों की माला मलिन हो जाय तथा जिसके स्नान वाले जल में बहुत से छोटे कीटाणु उत्पन्न होवें ॥ ४४ ॥

तथा जिसके शरीर में जुयें हों, जिसके वस्त्रों में यूका (लीखें) हों और जो चुराकर अन्न खाने वाली एवं पवित्रता से रहित हो और जो अधिक मोटे नितम्ब वाली हो, ऐसी स्त्री सर्वथा त्याग करने योग्य कही गयी है। (अर्थात् ऐसी स्त्रियों से सम्बन्ध नहीं रखना चाहिये) ॥ ४५ ॥

पुरुषलक्षणम्

तत्र पुरुषस्योर्ध्वमंगुलमानमाह कात्यायनः—

अष्टशतं षण्णवतिः परिमाणं चतुरशीतिरिति पुंसाम् ।
उत्तम-सम-हीनानामङ्गुलसंख्या स्वमानेन ॥ ४६ ॥

स्त्रीणां लक्षणानि उक्त्वा सम्प्रति पुरुषलक्षणं कथ्यते। तत्र ऊर्ध्वम् अंगुलमानमाह कात्यायनः–कात्यायननामको रेखाविद् विद्वान् कथयति—स्वकीयहस्तस्य अंगुलप्रमाणेन अष्टशतम्–अष्टोत्तरशतांगुलप्रमाणेन दीर्घः–उच्चः (उन्नतः) पुरुषोऽतीव उत्तमो भवति। षण्णवतिमितांगुलमानेन दीर्घः मध्यमः पुरुषो भवति। तथा चतुरशीतिपरिमितांगुलमानेन दीर्घः हीनः पुरुषो भवति[1] ॥ ४६ ॥

कात्यायन ऋषि का कथन है कि अपने हाथ की अंगुलियों के प्रमाण से एक सौ आठ (१०८) अंगुल ऊंचा पुरुष उत्तम होता है। छियानवे (९६) अंगुल ऊंचा पुरुष मध्यम होता है और चौरासी (८४) अंगुल ऊंचा पुरुष हीन होता है। (यहाँ उत्तम, मध्यम और हीन शब्दों से समस्त गुणों एवं ऐश्वर्य आदि में उत्तम, मध्यम और हीन से तात्पर्य है) ॥ ४६ ॥

स्वरस्य लक्षणानि

करिवृषरथौघभेरीमृदङ्गसिंहाब्दनिःस्वना भूपाः ।
गर्दभजर्जररूक्षस्वराश्च धनसौख्यसन्त्यक्ताः ॥ ४७ ॥

सम्प्रति स्वरस्य लक्षणानि कथ्यन्ते--करी, हस्ती, वृषः–अनड्वान्, रथौघः–रथानाम् ओघः–समूहः, भेरीमृदङ्गौ–उभावपि वाद्ययन्त्रौ, सिंहः–

---

१. यथाहाचार्यो वराहमिहिरो बृहत्संहितायाम्—

"षण्णवतिरङ्गुलानां व्यायामो दीर्घता च हंसस्य ।
शश-रुचक-भद्र-मालव्यसंज्ञितास्त्र्यङ्गुलवृद्धया ॥ (६९.७)

व्याघ्रः, अब्दः=मेघः एतेषां निःस्वनः=गम्भीरस्वर इव निःस्वनो येषां ते पुरुषाः भूपाः=राजान एव भवन्ति; यतो हि सामान्यपुरुषाणामेतादृग् गंभीरः स्वरो न भवति। गर्दभस्वरवत् यस्य स्वरः, अथवा जर्जरः=क्षीणकायः, रूक्षः=माधुर्यरहितः स्वरो येषां ते, एतादृशः पुरुषा धनसौख्यसन्त्यक्ताः= धन-सौख्यरहिता भवन्ति ।। ४७ ।।

अब (पुरुषों के) स्वर-लक्षण कहते हैं—हाथी, बैल, रथसमूह, मृदङ्ग, सिंह और मेघों के समान गम्भीर स्वर वाले पुरुष राजा होते हैं। और गदहे के समान स्वर वाले, क्षीण स्वर वाले तथा रूक्ष अर्थात् कठोर (माधुर्यरहित) स्वर वाले पुरुष धन और सुख से वंचित रहते हैं ।। ४७ ।।

आकाशादिप्रकृतिगुणाः पञ्चमहापुरुषलक्षणाध्याये निरूपिताः[1]। सुस्पष्टम्, अतो न व्याख्यास्यामः ।।

पञ्च महापुरुषों के लक्षण जिस अध्याय में कहे गये हैं उसी अध्याय में आकाशादि प्रकृति के समस्त गुणों का वर्णन किया जा चुका है ।।

अथ मनुष्याणां प्रत्येकाङ्गलक्षणानि। तत्रादौ पादयोर्लक्षणमाह—

अस्वेदनौ मृदुतलौ कमलोदराभौ
शिलष्टांगुली रुचिरताम्रनखौ सुपार्ष्णी।
उष्णौ शिराविरहितौ च निगूढगुल्फौ
कूर्मोन्नतौ च चरणौ मनुजेश्वरस्य ।। ४८ ।।

अथ=स्वरादीनां लक्षणकथनानन्तरम्, मनुष्याणाम्=मानवानां प्रत्येकाङ्गलक्षणानि=समस्तानामङ्गानां लक्षणानि=शुभाशुभसूचकचिह्नानि। तत्रादौ प्रारम्भकाल एव पादयोर्लक्षणमाह=उक्तवान्। तानि यथा—

अस्वेदनौ=स्वेदरहितौ, मृदुतलौ=कोमलचरणौ, कमलोदराभौ=कमलस्य मध्यभागस्य आभा इव आभायुक्तौ, शिलष्टाङ्गुली=परस्परसम्मिलिताङ्गुलयः, रुचिरताम्रनखैः=सुन्दररक्तवर्णनखयुक्तैः, सुपार्ष्णी=पादयोः शोभनपृष्ठभागौ, उष्णौ=शीतलतारहितौ, शिराविरहितौ=नाडीरहितौ, निगूढगुल्फौ=मांसे पिहितगुल्फौ, कूर्मोन्नतौ=कच्छपपृष्ठसमोन्नतौ, चरणौ=पादौ, मनुजेश्वरस्य=भूपतेः, भवतः ।। ४८ ।।

स्वरादि के विविध लक्षणों के कथन के बाद अब मनुष्यों के प्रत्येक अंगों के लक्षणों का फल कहते हैं। सर्व प्रथम पैरों के लक्षण कहते हैं—पसीने से रहित,

---

१. तद्यथा बृहत्संहितायामष्टषष्टितमाध्याये आकाशादिप्रकृतिगुणाः—
"भू-जल-शिख्यनिलाम्बरसुर-नर-रक्षः-पिशाचक-तिरश्चाम्।
सत्त्वेन भवति पुरुषो लक्षणमेतद् भवति तेषाम्" ।। १०८।।
इत आरभ्य "यत्लक्षणज्ञाः प्रवदन्ति सत्त्वम्" इत्यन्तं पुरुषलक्षणाध्यायतो बोद्धव्याः।

कोमल तलहटी वाले, कमल के समान सुशोभित, अंगुलियां आपस में समान रूप से मिली हुई हों, सुन्दर और लाल नख, सुन्दर पार्ष्णि, (एडी) वाले, उष्ण स्पर्श वाले, शिराओं से रहित, मांस से ढके हुए गुल्फ वाले और कच्छप (कछुआ) की पीठ के समान जिसके पैर का ऊपरी भाग हो ऐसे चिह्नों वाला मनुष्य राजा होता है। अर्थात् राजा के चरण ही इन समस्त लक्षणों से युक्त होते हैं ॥ ४८ ॥

तथा च समुद्रः—

पादैः समांसैः सुस्निग्धैः सोष्णैः श्लिष्टैः सुशोभनैः ।
उन्नतैः स्वेदरहितैः शिराहीनैश्च पार्थिवः ॥ ४९ ॥

पूर्वश्लोकेन प्रतिपादितलक्षणानि आचार्यः समुद्रोऽपि कथयति—

समांसैः=मांसयुक्तैः, सुस्निग्धैः=सुचिक्कणैः, सोष्णैः=उष्णतासहितैः, श्लिष्टैः=अंगुलीभिः परस्परं मिलितैः, सुशोभनैः, उन्नतैः=उच्चतां गतैः, स्वेदरहितैः=स्वेदवियुक्तैः, शिराहीनैः=नाडीभी रहितैः, पादैः=चरणैः, पार्थिवः राजा भवति ॥ ४९ ॥

आचार्य समुद्र कहते हैं--राजयोग वाले व्यक्तियों के पैर मांसयुक्त, स्निग्ध, उष्ण, अंगुलियाँ आपस में मिली हुई, उनके ऊपर का भाग ऊंचा, पसीने तथा शिराओं (नाड़ियों) से रहित होते हैं ॥ ४९ ॥

तथा च गर्गः—

पद्मरक्तोत्पलनिभैस्तथा क्षतजसन्निभैः ।
नृपाः पादतलैर्ज्ञेया ये चान्ये सुखभागिनः ॥ ५० ॥

गर्गाचार्यः कथयति—पद्मरक्तोत्पलनिभैः=रक्तकमलसदृशप्रभायुक्तैः, तथा क्षतजं=रुधिरं तत्सन्निभैः=तत्तुल्यैः, पादतलैः=चरणयोः अधोभागैः, नृपाः=राजानः ज्ञेयाः=रक्तपादतलयुक्ताः राजान एव भवन्ति । ये चान्ये= अपरजनाः यदि उक्तप्रकारस्य पादतलयुक्ता भवन्ति, तर्हि तेऽपि सुखभागिनः भवन्ति ॥

गर्गाचार्य कहते हैं—लाल कमल के समान प्रभावाले और रुधिर (खून) के समान लाल पादतलों वाले पुरुष राजा (या सर्वोच्च पदाधिकारी) होते हैं । अन्य साधारण पुरुष भी उक्त प्रकार के पैर वाले सुखों को भोगने वाले होते हैं ॥ ५० ॥

तत्रैवाशुभलक्षणानि

शूर्पाकारविरूक्षपाण्डुरनखौ वक्रौ शिरासंयुतौ,
संशुष्कौ विरलाङ्गुली च चरणौ दारिद्रयदुःखप्रदौ ॥ ५१ ॥

अनेन श्लोकार्द्धेन पादयोरशुभलक्षणानि कथ्यन्ते—शूर्पाकारौ=यथा शूर्पस्य अग्रिमो भागो विस्तृतो भवति तद्वत् विस्तृतौ विरूक्षौ=रूक्षौ, पाण्डुरनखौ=पीताभयुक्तौ चरणयोः नखौ, वक्रौ शिरासन्ततौ=कुटिलौ शिरा-

संयुक्तौ=नाडिकायुक्तौ, संशुष्कौ आर्द्रतारहितौ, विरलाङ्गुली=असम्पृक्ताङ्गुलीभिर्युक्तौ चरणौ दारिद्र्यदुःखप्रदौ=ऐश्वर्याभावसूचकौ, दुःखप्रदौ=कष्टप्रदौ च कथितौ ॥ ५१ ॥

इस श्लोक से पैरों के अशुभ लक्षण बताते हैं–

सूप (छाज) के समान चौड़े अग्रभाग वालें, रूखे, भूरे नखों वाले, टेढ़े नाड़ियों से युक्त, शुष्क और विरल अंगुलियों से युक्त पैर दारिद्र्य और दुःख देने वाले होते हैं ॥ ५१ ॥

तथा च समुद्रः —

शूर्पाकारैस्तथा भग्नैर्वक्रैः शुष्कैः शिरायुतैः ।
सस्वेदैः पाण्डुरै रेखैश्चरणैरतिदुःखिनः ॥ ५२ ॥

